राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




10 सनी लियोनी चलीं हॉलीवुड, नई अमेरिकी...



जींद रैली में सीएम का विपक्ष पर... 11

गाजियाबाद, मंगलवार 07 अप्रैल 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 29, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर भूस्खलन,पहाड़ से पत्थर गिरने से भारी तबाही,एनएच-44 पूरी तरह बंद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** रामबन जिले में पत्थर गिरने और भूस्खलन के कारण सोमवार को श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही दोनों दिशाओं में, जम्मू से श्रीनगर की ओर और इसके विपरीत, रोक दी गई है, क्योंकि भूस्खलन और पत्थर गिरने से करोल ब्रिज और चंदरकोट के बीच दोनों सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। यातायात विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, लोगों को सलाह दी जाती है कि जब तक एनएच-44 की मरम्मत पूरी तरह से नहीं हो जाती, तब तक इस पर यात्रा न करें। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और यात्रा शुरू करने से पहले यातायात विभाग से राजमार्ग की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

**● एलपीजी, मटन, मुर्गी उत्पादों आदि का सारा स्टॉक अभी भी इसी राजमार्ग के माध्यम से घाटी में लाया जाता है**



रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग अभी भी घाटी में आपूर्ति के लिए जीवन रेखा है, हालांकि जम्मू डिवीजन और घाटी के बीच रेल संपर्क अब पूरी तरह से चालू है। एलपीजी, मटन, मुर्गी उत्पादों आदि का सारा स्टॉक अभी भी इसी राजमार्ग के माध्यम से घाटी में लाया जाता है। ट्रेन के आगमन से देश के शेष भाग और घाटी के बीच हर मौसम में संपर्क स्थापित हो गया है, लेकिन श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर निर्भरता कम करने के लिए घाटी से माल ले जाने वाली मालगाड़ियों का नियमित रूप से संचालन अभी भी नहीं किया जाता है। हालांकि फ्लाईओवर, पुलों और सुरंगों के निर्माण के कारण श्रीनगर और जम्मू के बीच यात्रा का समय पहले के 10 घंटे से घटकर पांच घंटे हो गया है, फिर भी रामसू और रामबन शहर के बीच का राजमार्ग का हिस्सा इस राजमार्ग का सबसे संवेदनशील भाग बना हुआ है। इस क्षेत्र में बारिश के कारण भूस्खलन, कीचड़ का भूस्खलन और पत्थर गिरने जैसी घटनाएं होती हैं, जिससे यातायात अवरुद्ध हो जाता है।

## मासूम चिल्लाती रही-अंकल बचा लो,घर में बांधकर पीटता रहा पूर्व सैनिक, बोला-इसने मेरे अमरूद तोड़े

**उना (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के उना जिले से एक बेहद संवेदनशील और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक छोटी बच्ची को अमरूद तोड़ने की मामूली गलती पर अमानवीय सजा दी गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोगों में भारी आक्रोश है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बच्ची बार-बार आरोपी से रहम की गुहार लगाती रही, लेकिन पूर्व सैनिक ने उसके हाथ-पांव बांधकर बेरहमी से पिटाई की। बच्ची अंकल बचा लो कहकर चीखती रही, लेकिन आरोपी का दिल नहीं पसीजा।



**छोटी सी गलती पर क्रूर सजा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना बेहड़ाला गांव की है। बच्ची ने रास्ते से गुजरते समय किसी के घर के बाहर लगे पेड़ से अमरूद तोड़ लिया था। इसी बात पर आरोपी भड़क उठा और बच्ची को पकड़कर अपने घर ले गया, जहां उसे रस्सी से बांधकर पीटा गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को छुड़ाया। किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया।

### न्यूज डायरी

## हिमाचल में निराश्रित गोवंश के लिए 'गोपाल योजना' के तहत 14.68 करोड़ रुपये जारी

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निराश्रित और आवारा गोवंश के कल्याण के लिए 'गोपाल योजना के तहत 14.68 करोड़ रुपये जारी किए हैं। रविवार को एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यह राशि पंजीकृत गौशालाओं और गो अभयारण्यों को रखरखाव अनुदान के रूप में दी गई है, ताकि परित्यक्त गायों को उचित देखभाल, आश्रय और पोषण मिल सके। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो किसानों के लिए एक बड़ी चिंता बन चुकी है। कई क्षेत्रों में ये पशु खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक हानि होती है। उन्होंने बताया कि कुछ



इलाकों में स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि किसानों ने खेती कम कर दी है या पूरी तरह छोड़ दी है। गोवंश देखभाल ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार ने पंजीकृत आश्रयों में रखी गई गायों के रखरखाव के लिए वित्तीय सहायता बढ़ा दी है। 1 अक्टूबर 2025 से प्रति गाय मासिक अनुदान 700 रुपये से बढ़ाकर 1,200 रुपये कर दिया गया है। यह बढ़ा हुआ अनुदान हिमाचल प्रदेश गौ सेवा आयोग के माध्यम से वितरित किया जा रहा है, ताकि आश्रयों के बेहतर प्रबंधन के साथ पशुओं के पोषण, स्वास्थ्य और समग्र कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके। प्रवक्ता ने कहा कि आवारा गोवंश का उचित पुनर्वास किसानों की समस्याओं को कम करेगा और उन्हें खेती जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह पहल सड़क सुरक्षा में भी सुधार लाने में मददगार होगी, क्योंकि सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सरकार ने 2026-27 के बजट में भी इस दिशा में कई प्रस्ताव रखे हैं, ताकि आवारा पशुओं के पुनर्वास को और मजबूत किया जा सके। पिछले कुछ वर्षों में राज्य में कई गौ अभयारण्य और बड़े 'गौसदनइ स्थापित किए गए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था राज्य सरकार की प्राथमिकता है और आरडीजी बंद होने के बावजूद किसानों और बागवानों के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

## लखनऊ रेलवे स्टेशन पर करना था ब्लास्ट

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच के मुताबिक, मेरठ का रहने वाला आकिब दुबई में बैठकर भारत में आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहा था और उसने ही मेरठ के साकिब उर्फ 'डेविल को सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स से जोड़ा। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस ने मेरठ के साकिब उर्फ डेविल और अरबाब, गौतमबुद्धनगर के विकास उर्फ रौनक तथा लोकेश उर्फ पपला पंडित को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी लखनऊ रेलवे स्टेशन पर विस्फोट की साजिश को अंजाम देने पहुंचे थे, जिन्हें गुरुवार को पकड़ लिया गया। इस मामले में दुबई में छिपे आकिब को भी नामजद किया गया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, आकिब लंबे समय से दुबई में रह रहा है और भारत में आतंकी मॉड्यूल तैयार कर उन्हें पाकिस्तानी हैंडलर्स से जोड़ने का काम कर रहा था। उसने साकिब का संपर्क इंस्टाग्राम और टेलीग्राम के जरिए हैंडलर्स से कराया, जिसके बाद साकिब रेकी से जुड़ी जानकारी और वीडियो सीधे उन्हें भेजता था। आकिब के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एके-47 जैसे हथियारों के साथ तस्वीरें सामने आने के बाद एटीएस ने जांच शुरू की थी। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने उत्तर प्रदेश के कई महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों और कैंट क्षेत्रों की रेकी की थी। इन स्थानों के वीडियो बनाकर पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजे गए थे। इसके अलावा प्रदेश के कुछ प्रमुख हिंदुत्ववादी नेताओं को भी निशाने पर रखा गया था, जिनकी गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जुटाई जा रही थी।

**दुबई से चल रहा था आतंकी मॉड्यूल; 4 अरेस्ट**



जांच में यह भी पता चला है कि हैंडलर्स साकिब को गूगल लोकेशन भेजते थे, जहां वह अपने साथियों के साथ पहुंचकर वीडियो रिकॉर्ड करता और उन्हें भेजता था। इसके बदले में उसे पैसे ट्रांसफर किए जाते थे। आरोपियों के पास से विभिन्न शहरों में की गई छोटी-छोटी आगजनी की घटनाओं के वीडियो भी बरामद हुए हैं। रेलवे सिग्नल बॉक्स और गैस सिलिंडर से भरे वाहनों में आग लगाने की साजिश भी सामने आई है।

शनिवार को कोर्ट में पेश किए गए चारों आरोपियों के लिए एटीएस ने पांच दिन की पुलिस रिमांड मांगी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया है।

## रील के दीवानों ने पेट्रोल पंप पर डीजल से धो डाली स्कॉर्पियो, भड़की पुलिस ने दोनों युवकों को सिखाया सबक

**सिरोही (आरएनएस)।** राजस्थान के सिरोही जिले से एक बेहद हैरान करने वाला और खतरनाक मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर रातों-रात मशहूर होने और रील बनाने के चक्कर में एक युवक ने पेट्रोल पंप पर अपनी स्कॉर्पियो कार को पानी की बजाय सीधे डीजल से धो डाला। इस खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों में भारी नाराजगी फैल गई। हालांकि, रईसी का यह दिखावा इन युवकों को इतना भारी पड़ा कि पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए इनकी सारी हेकड़ी निकाल दी।



**वायरल वीडियो पर पुलिस ने लिया कड़ा संज्ञान**

वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया। सिरोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पुष्पेंद्र सिंह ने तुरंत जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छीबा गांव के रहने वाले आरोपी महिपाल सिंह और उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही स्टंट में इस्तेमाल की गई उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का साफ कहना है कि आरोपियों ने सिर्फ सोशल मीडिया पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए यह हरकत की और सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया।

## चंडीगढ़-जालंधर के स्कूलों में बम की धमकी, फिरोजपुर में कोर्ट खाली कराया; तलाशी अभियान जारी

**जालंधर/चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के जालंधर और चंडीगढ़ में सोमवार को कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। जालंधर में डीपीएस स्कूल, मेयर वर्ल्ड स्कूल और एक अन्य डीपीएस स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई, जिसमें आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए बच्चों को बचाने की चेतावनी दी गई।

धमकी मिलते ही स्कूल प्रबंधन और प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीमें बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचीं और स्कूल परिसरों की गहन तलाशी शुरू कर दी गई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर सेल को भी जांच में शामिल किया गया है। लगातार मिल रही ऐसी धमकियों से अभिभावकों में चिंता का माहौल है।

धमकी भरे ईमेल में जालंधर के स्कूलों और मेयर ऑफिस में विस्फोट की बात कही गई है। इसके अलावा, संदेश में उकसाऊ और आपत्तिजनक बयान भी लिखे गए हैं। ईमेल भेजने वाले ने खुद को एक संगठन से जुड़ा बताया है, जिसकी पहचान की जांच की जा रही है।

उधर, चंडीगढ़ के सेक्टर-41, 32, 47 और 45 स्थित स्कूलों को भी इसी तरह के ईमेल मिले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और संबंधित स्कूलों को खाली करवा लिया गया।

फिलहाल, पुलिस द्वारा स्कूलों और आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन जारी है। हर संदिग्ध वस्तु पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से बचने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

वहीं फिरोजपुर कोर्ट काम्प्लेक्स को एक फिर बम से उठाने की धमकी मिली है। दोपहर 2 बजे तक कामकाज बंद कर दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कोर्ट खाली करवाई और छानबीन शुरू कर दी है।

## बेरोजगारों को 2000 रुपये प्रति महीना और महिलाओं को मुफ्त बस सेवा, पुडुचेरी में राहुल गांधी ने दीं पांच गारंटी

**पुडुचेरी (आरएनएस)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगर पुडुचेरी में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनती है तो महिलाओं को सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पुडुचेरी के लोगों को 5 गारंटी देते हुए कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए 2000 रुपए प्रति महीना की सहायता दी जाएगी। सरकारी और निजी क्षेत्रों में 30,000 नई नौकरियां दी जाएंगी। महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त होगी। सरकारी नौकरी के लिए भर्ती की अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 40 वर्ष तक की जाएगी। इसके अलावा हर परिवार का 20 लाख का स्वास्थ्य बीमा किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि यह खोखले वादे नहीं हैं। ये गरिमा और सुरक्षा की नींव हैं। उन्होंने कहा कि जब भी मैं पुडुचेरी आता हूं, आप मुझे बहुत प्यार और स्नेह देते हैं। पुडुचेरी के लोगों और मेरे परिवार के बीच भावनात्मक रिश्ता है। यह सिर्फ एक राजनीतिक संबंध नहीं है। यह बहुत गहरा और पुराना रिश्ता है। यह प्यार और आपसी सम्मान का रिश्ता है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि पुडुचेरी की आवाज इस खूबसूरत राज्य को चलाए। आइए एक ऐसी सरकार बनाएं जो वास्तव में पुडुचेरी की आवाज का प्रतिनिधित्व करती हो। एक ऐसा पुडुचेरी बनाएं जो सचमुच वहां के लोगों की आवाज को दर्शाता हो।



## देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं, पेट्रोलियम मंत्रालय ने जारी किए चौंकाने वाले आंकड़े, एक दिन में बंटे 51 लाख से अधिक सिलेंडर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को कहा कि एक दिन में 51 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर्स की डिलीवरी हुई है और देश में किसी भी वितरक एजेंसी पर गैस की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

मंत्रालय ने कहा कि कुल बुकिंग में ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर की हिस्सेदारी बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है।

वितरक स्तर पर हेराफेरी को रोकने के लिए, डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी 90 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो कि मध्य पूर्व में तनाव से पहले फरवरी में 53 प्रतिशत की थी। साथ ही, मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर बुक करने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाने की सलाह दी गई है।



मंत्रालय ने बताया कि शनिवार को करीब 90,000 पांच किलो वाले छोटे एलपीजी सिलेंडर्स की बिक्री की गई है और 23 मार्च से अब तक 6.6 लाख एलपीजी सिलेंडर्स की बिक्री हो चुकी है।

मंत्रालय ने आगे कहा कि पांच किलो वाले छोटे एलपीजी सिलेंडर वितरकों के पास मौजूद हैं और कोई वैध पहचान पत्र दिखाकर, इन्हें हासिल किया जा सकता है।

देश में पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च से अब तक 3.9 लाख से अधिक पीएनजी के नए पंजीकरण हो चुके हैं और 3.6 लाख नए पीएनजी कनेक्शन को गैस की आपूर्ति दी गई है। राज्यों को घरेलू और व्यावसायिक दोनों उपभोक्ताओं के लिए नए पीएनजी कनेक्शन की सुविधा प्रदान करने की सलाह दी गई है।

मंत्रालय के अनुसार, सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक बना हुआ है।

बयान में कहा गया है कि घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है।

**दिलचस्प मामला**

### जज ने प्रेमी के साथ जाने की दी इजाजत

## पति 40 का और पत्नी 19 की! हाईकोर्ट में लड़की ने ठुकराया रिश्ता

**ग्वालियर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर हाईकोर्ट में एक बेहद ही अनोखा और दिलचस्प मामला सामने आया है। यहां एक 19 साल की विवाहिता ने अपने 40 साल के पति के साथ रहने से साफ इनकार कर दिया। लड़की ने कोर्ट में दलील दी कि उसके और पति की उम्र में 21 साल का बड़ा अंतर है, जिसके कारण उनके बीच कोई सामंजस्य नहीं बन पाया। कोर्ट में लड़की ने अपने प्रेमी के साथ जाने की इच्छा जताई, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया और उसे बॉयफ्रेंड के साथ रहने की अनुमति दे दी। हालांकि, सुरक्षा के लिहाज से कोर्ट ने 6 महीने तक उसकी निगरानी के विशेष निर्देश भी दिए हैं।

**पति ने लगाई थी गुहार, कोर्ट में सामने आया पूरा सच**

दरअसल, यह पूरा मामला हैबियस कॉर्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका से जुड़ा है। लड़की के पति अवधेश ने अपने वकील सुरेश पाल सिंह गुर्जर के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि अनुज कुमार नाम के युवक ने उसकी पत्नी को अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा है। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महिला को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया था। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस पुष्पेंद्र यादव की युगलपीठ के सामने जब इस मामले की सुनवाई शुरू हुई, तो कोर्ट में महिला के साथ-साथ उसके माता-पिता, पति अवधेश और प्रेमी अनुज भी मौजूद रहे।

**उम्र का बड़ा फासला और गलत व्यवहार बना अलगाव की वजह**




सुनवाई के दौरान जब जजों ने लड़की से उसकी मर्जी पूछी, तो उसने पूरी बेबाकी से अपना पक्ष रखा। उसने साफ कहा कि वह बालिग है, अपनी मर्जी से रह रही है और किसी अवैध बंधन में नहीं है। लड़की ने अपने माता-पिता और पति, दोनों के साथ जाने से साफ इनकार कर दिया। उसने कोर्ट को बताया कि उसकी उम्र महज 19 साल है जबकि उसका पति 40 साल का है। उम्र के इस 21 साल के फासले के कारण उनके बीच कभी तालमेल नहीं बैठा और ससुराल में उसके साथ गलत व्यवहार भी किया गया। सरकारी वकील अंजलि ज्ञानानी द्वारा काउंसलिंग किए जाने के बाद भी लड़की अपनी बात पर अड़ी रही और बॉयफ्रेंड अनुज के साथ ही जीवन बिताने की बात दोहराई।

**6 महीने तक शौर्या दीदी रखेंगी लड़की की सुरक्षा पर नजर**

दूसरी तरफ, प्रेमी अनुज ने भी अदालत को पूरा भरोसा दिलाया कि वह लड़की की अच्छे से देखभाल करेगा और उसे किसी तरह की कोई प्रताड़ना नहीं होने देगा। इन सभी परिस्थितियों और लड़की की जिद पर गौर करते हुए हाईकोर्ट ने माना कि अब इस याचिका का कोई आधार नहीं बचा है। कोर्ट ने बालिग लड़की को उसके प्रेमी के साथ जाने की इजाजत दे दी। इसके साथ ही, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोर्ट ने सरकारी वकील अंजलि ज्ञानानी और महिला कांस्टेबल भावना को अगले 6 महीने के लिए 'शौर्या दीदीइ नियुक्त किया है। ये दोनों लगातार लड़की के संपर्क में रहकर उसकी सुरक्षा, भलाई और मार्गदर्शन की निगरानी करेंगी। इसके बाद जरूरी औपचारिकताएं पूरी करवाकर लड़की को वन स्टॉप सेंटर से प्रेमी के साथ जाने के आदेश दे दिए गए।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# कलेक्ट्रेट सभागार में विनियमन समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की हुई समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में समिति की सभापति अश्विनी त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विधान परिषद सदस्य पवन कुमार सिंह, धर्मेन्द्र भारद्वाज, जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण डॉ. अंकुर लाठर, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ सभापति एवं सदस्यों के स्वागत के साथ हुआ, जिसमें उन्हें मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं बुके भेंट किए गए। इसके उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।
गन्ना विभाग की समीक्षा के दौरान पिछले तीन वर्षों में किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने एवं ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी जानकारी ली गई। बेसिक शिक्षा विभाग में स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने, बच्चों को सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षा के स्तर में सुधार के प्रयासों की जानकारी दी गई। समिति ने आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। विद्युत विभाग की समीक्षा में समिति ने बुकलेट में त्रुटिपूर्ण जानकारी दिए जाने पर नाराजगी जताई तथा 15 दिनों के भीतर लंबित समस्याओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर कनेक्शन शीघ्र उपलब्ध कराने, जर्जर लाइनों के सुधार, ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि तथा नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर विकास विभाग को नाम पट्टिकाओं पर नियमानुसार अंकन करने के निर्देश दिए गए, जबकि लोक निर्माण विभाग ने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों पर कार्यवाही की जानकारी दी। विकास प्राधिकरण द्वारा खुर्जा में विकसित सेरेमिक पार्क ह्यअनोखी दुनियाह्ण की प्रस्तुति दी गई, जिसकी समिति ने सराहना की।
आबकारी विभाग की समीक्षा में संतोषजनक उत्तर न देने पर समिति ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कदम उठाने तथा अवैध कट बंद कराने के निर्देश दिए गए। वन विभाग को पौधारोपण हेतु स्थल चयन कर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।
समाज कल्याण विभाग को कक्षा 9 से 12 तक के पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। ग्राम चौपाल के रोस्टर की प्रति भी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# तालीम हासिल करो हालात चाहे कैसे भी हों: सादिक हुसैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गांव सराय छबीला जिला बुलंदशहर के मुस्लिम स्कूल में मेधावी छात्र, छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनाब सादिक हुसैन विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट अलीगढ़ से तशरीफ लाए। विशिष्ट अतिथि के रूप में अलीगढ़ से मोहम्मद खालिद सिद्दीकी अध्यापक इंग्लिश विभाग एवं हाजी खालिद सिद्दीकी जहांगीराबाद रहे। मुख्य अतिथि सादिक हुसैन वि न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बताया कि वह अलीगढ़ में एक तालीमी बेदारी मिशन चलाते हैं जहां बच्चों को अटव और जामिया प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाए। विशिष्ट अतिथि खालिद सिद्दीकी साहब ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से संबंधित जो भी मदद चाहिए



उन्हें दी जाएगी। हाजी खालिद सिद्दीकी ने कहा कि हम एक टीम बना कर अपने जिले में तालीम के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे और ज्यादा से ज्यादा बच्चों को तालीम दिलाने का काम करेंगे।

# जहांगीराबाद में श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य प्रवाह, द्वितीय दिवस पर उमड़ी श्रद्धा की गंगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य मनीष कौशिक जी महाराज ने अपने अमृतमय प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।
कथा के दौरान आचार्य जी ने भागवत धर्म की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह आध्यात्मिक जगत की सर्वोच्च साधना है, जिसमें मनुष्य को नित्य आनंद, नित्य लीला और परमात्मा का साक्षात्कार प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जीवन का वास्तविक सुख केवल भगवान के निष्कपट प्रेम में ही निहित है। आचार्य जी ने श्रद्धालुओं को कथा के माध्यम से बताते हुए कहा कि जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वार्थों से ऊपर उठकर केवल प्रभु प्रेम की प्राप्ति के लिए भक्ति करता है, तभी उसे सच्चे आनंद का अनुभव होता है। जब मनुष्य मांगने से परे होकर प्रेमभाव से उपासना करता है, तब स्वयं परमात्मा उसके जीवन में प्रकट होने लगते हैं, उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा।
उन्होंने यह भी बताया कि भागवत कथा और सत्संग के प्रभाव से व्यक्ति के भीतर के पाप और नकारात्मक संस्कार स्वतः समाप्त होने लगते हैं, जिससे जीवन में शांति, संतोष और दिव्यता का संचार होता है। यह परिवर्तन केवल बाहरी नहीं बल्कि आत्मा के स्तर पर होता है।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उमेश चंद्र गुप्ता (पेट्रोल पंप वाले) उपस्थित रहे। उनके साथ सूर्य प्रकाश बंसल, अन्नी कौशिक,हेमू गर्ग, भोलू उर्फ मोहित, लकी शर्मा, सौरभ गर्ग एवं सुधीर गोयल,सौरभ विर्दी,सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने कथा में सहभागिता की।
पूरे कार्यक्रम के दौरान कथा स्थल भक्ति रस से सराबोर रहा। श्रद्धालु भगवान के नाम में लीन होकर कथा का रसपान करते नजर आए। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी कथा का यह दिव्य प्रवाह निरंतर जारी रहेगा, जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालु पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# भाजपा स्थापना दिवस मनाया, विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी के कार्यालय पर कार्यकताओं ने पार्टी का 47 वा स्थापना दिवस मनाया। कार्यकताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माला अर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। कार्यकर्ताओ ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया आदि वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास के अनुसार कार्यकर्ताओ को कार्य करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार में अंतिम




पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। देश में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। गरीब लोगों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है, जिनका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा है। उन्होंने बताया समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान हो,यही पार्टी का संकल्प है। इस अवसर पर रवि अग्रवाल, कैलाश चंद, अनुराग तोमर, शरद गर्ग, आदेश चौहान, विशाल चौहान, गगन प्रजापति, बिना सैनी, उमा चौधरी, संगीता, प्रभात मुद्गल, हैप्पी वर्मा, हिमांशु गोयल, रविंद्र फौजी, डालचंद सैनी, नासिर, पिंकी, महेश वर्मा, अरुण तेवतिया, नवीन तेवतिया, दीपक यादव, राजकुमार वर्मा, परमानंद सैनी, मूलचंद अग्रवाल, मनीष चौधरी, रजनी, राधा, पूजा, सुनीता, स्वाति, अंजू, डोली, मंजू, नीलम, बिट्टू, अमर सिंह, अमित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया। हृद्यांशी अग्रवाल, कैडेट सलोनी यादव, कैडेट सृष्टि यादव, कैडेट पर्व अग्रवाल सहित सभी कैडेट्स ने अपने भाषणों के माध्यम से स्वच्छता अपनाने और स्वस्थ रहने का संदेश दिया। स्कूल के निदेशक मयंक अग्रवाल ने



बताया कि सभी कैडेट्स 36 यूपी बटालियन एनसीसी, बुलंदशहर के अंतर्गत आते हैं।
इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा, एनसीसी अधिकारी मोनिका राजपूत आदि मौजूद रहे।

# बहुउद्देशीय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलिज, शिकारपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा देश स्तर पर आयोजित बहुउद्देशीय परीक्षा भारतीय ज्ञान परंपरा बौद्धिक्स (IKS) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र को सम्मानित किया गया।
1 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में देशभर के लाखों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। विशेष उपलब्धि अनिरुद्ध शर्मा (एल0एल0एम0 द्वितीय सेमेस्टर) को रही, जिन्होंने इस परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। अनिरूद्ध शर्मा के शानदार




प्रदर्शन पर विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान नई दिल्ली ने इन्हे 2500 रुपए नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने का निर्णय लिया जिसे संस्थान के प्रबंधक विपिन बंसल जी एवं प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह द्वारा 2500 रुपए नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर संस्थान के सचिव विपिन बंसल ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ह्लसरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज सदैव प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का साथ देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विषयों में पारंगत युवा ही देश की सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाएंगे।
कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# बुलन्दशहर में विलोच (बिलोच) जाति के सर्वे के लिए शोध दल का दौरा शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा गठित तीन सदस्यीय शोध दल 06 अप्रैल 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक जनपद बुलन्दशहर में विलोच (बिलोच) जाति के सर्वेक्षण हेतु भ्रमण कर रहा है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जय प्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में निवासरत बिलोच जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग (डइउ) की सूची में शामिल किए जाने के अनुरोध पर आयोग द्वारा सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में जाति की सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शोध दल का भ्रमण कार्यक्रम 06 से 10 अप्रैल तक प्रस्तावित है। दल जनपद की उन तहसीलों, कस्बों और गांवों का दौरा कर रहा है, जहां बिलोच जाति के परिवार निवास करते हैं। इसी कड़ी में 06 अप्रैल 2026 को अपराह्न 1:00 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, भूड़, बुलन्दशहर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित क्षेत्रों के नायब तहसीलदार, लेखपाल और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।
शोध दल द्वारा जनपद में निवासरत विलोच (बिलोच) जाति के परिवारों का सर्वेक्षण कार्य निरंतर किया जा रहा है।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में भाकियू महाकाल ने कोतवाल को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** भाकियू महाकाल के कार्यकताओं ने कोतवाल को ज्ञापन देते हुए बताया कि राम अवतार पलसानिया (संस्थापक अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद) द्वारा अपने फेसबुक पेज के माध्यम से एक लाइव वीडियो प्रसारित किया गया जिसकी अवधि लगभग 30 मिनट से अधिक बताई गई है। ओके तो वीडियो में दिए गए वक्तव्यों का गहन अवलोकन करने पर यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने सार्वजनिक मंच का दुरुपयोग करते हुए समाज में तनाव एवं अशांति फैलाने वाले अनेक आपत्तिजनक भड़काऊ एवं गैर जिम्मेदाराना ध्यान दिया है ओके वीडियो में निम्नलिखित गंभीर आपत्तिजनक तथ्य सामने आए हैं।



साथ ही कोतवाल से कहा कि उक्त वीडियो की तत्काल जांच कराई जाए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की भड़काऊ गतिविधियों पर रोक लग सके। ज्ञापन देते समय राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह के साथ तरुण शर्मा, ललित त्यागी, शिब्बू ठाकुर, मनोज चौधरी, तरुण शर्मा, मोहित चौधरी, मनवीर सिंह, अमित चौधरी आदि भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य प्रवाह,द्वितीय दिवस पर उमड़ी श्रद्धा की गंगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य मनीष कौशिक जी महाराज ने अपने अमृतमय प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान आचार्य जी ने भागवत धर्म की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह आध्यात्मिक जगत की सर्वोच्च साधना है, जिसमें मनुष्य को नित्य आनंद, नित्य लीला और परमात्मा का साक्षात्कार प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जीवन का वास्तविक सुख केवल भगवान के निष्कपट प्रेम में ही निहित है।
आचार्य जी ने श्रद्धालुओं को कथा के माध्यम से बताते हुए कहा कि जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वार्थों से ऊपर उठकर केवल प्रभु प्रेम की प्राप्ति के लिए भक्ति करता है, तभी उसे सच्चे आनंद का अनुभव होता है। ह्लजब मनुष्य मांगने से परे होकर प्रेमभाव से उपासना करता है, तब स्वयं परमात्मा उसके जीवन में प्रकट होने लगते हैं,ह्व उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा। उन्होंने यह भी बताया कि भागवत कथा और सत्संग के प्रभाव से व्यक्ति के भीतर के पाप और नकारात्मक संस्कार स्वतः समाप्त होने लगते हैं, जिससे जीवन में शांति, संतोष और दिव्यता का संचार होता है। यह परिवर्तन केवल बाहरी नहीं बल्कि आत्मा के स्तर पर होता है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी सुविन भारद्वाज उपस्थित रहे। उनके साथ सूर्य प्रकाश बंसल, अन्नी कौशिक,हेमू गर्ग, भोलू उर्फ मोहित, लकी शर्मा, सौरभ गर्ग एवं सुधीर गोयल,सौरभ विर्दी,सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने कथा में सहभागिता की।
पूरे कार्यक्रम के दौरान कथा स्थल भक्ति रस से सराबोर रहा। श्रद्धालु भगवान के नाम में लीन होकर कथा का रसपान करते नजर आए। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी कथा का यह दिव्य प्रवाह निरंतर जारी रहेगा, जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालु पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस अपने-अपने घरों पर लगाया पार्टी का झंडा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकताओं ने अपने-अपने निवास स्थान पर पार्टी का झंडा फहराया व वीरेंद्र कुमार गर्ग के प्रतिष्ठान बालाजी मार्केट के पास प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने दीनदयाल उपाध्याय व पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए इस अवसर पर मिष्ठान वितरित किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग, रंजीत सैनी, गौतम सूर्यवंशी, योगेश, ललित गर्ग ,पंकज शर्मा, रवि सक्सेना ,गौरव चौधरी ,मोहित चौधरी, संजय वर्मा, सोनू जैन,



सचिन शर्मा आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आयोजन

## अपने स्वागत एवं सम्मान समारोह में बोलीं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

# छात्राएं मोबाइल से दूर और किताबों से दोस्ती करें: बबीता चौहान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सोमवार को आरएसएम ओलंपियन पब्लिक स्कूल में छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कहा कि वह मोबाइल से दूर रहें और किताबों से दोस्ती करें जिससे उनका, उनके परिवार, समाज और गांव का नाम रोशन होगा। आरएसएम ओलंपियन पब्लिक स्कूल में आयोजित अपने स्वागत एवं सम्मान समारोह में राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष बबीता चौहान ने छात्राओं को प्रोत्साहित करने, उनका मनोबल बढ़ाने और उनकी इच्छा शक्ति को दृढ़ करने के लिए उन्हें जागरूक किया।

### बेटी के सम्मान के साथ पिता का भी हुआ सम्मान

उन्होंने छात्राओं को बताया कि महिला आयोग में न्यायालय की तरह मामले आते हैं। रोजाना 10 से 20 तक मामले उनके पास आते हैं। जिनका निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में उनके पास आज तक एक भी मामला पेंडिंग नहीं है उनके पास आए 100 फीसदी मामलों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि महिलाएं मेहनत के साथ-साथ अच्छे कार्यों में अपनी भूमिका का प्रदर्शन करें, जिससे उनका विकास होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर महिलाओं के समक्ष कोई समस्या आ रही है तो वह उसे निसंकोच उन्हें बताएं, जिससे उसका निस्तारण किया जा सके।






राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि उनका प्रयास है कि जब तक लाइन के आखिर में बैठी महिला को नहीं जगा नहीं देंगी तब तक चैन से नहीं बैठेंगी। उन्होंने जागरूक महिलाओं का साथ मांगते हुए कहा कि उन्हीं के सहयोग से महिलाओं को जागरूक करने का उनका मकसद पूरा हो सकेगा। हर गांव में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए साधन निर्मित हैं। गांव में महिलाओं को समूह से जुड़ने की वकालत करते हुए कहा है कि यह अच्छा है कि समूह से जुड़ने के बाद जहां महिलाएं जागरूक होती हैं वहीं,वह 8 हजार से लेकर दस हजार रुपए तक प्रति माह कमा भी सकती हैं। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने पूरे प्रदेश में होने वाली बैठकों में महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति या पुत्र की बैठक में उपस्थित होने पर पाबंदी लगा रखी है। यह अलग बात है कि महिला जनप्रतिनिधि से जुड़े उनके परिवार के सदस्य बैठक से बाहर बैठ सकते हैं।
राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान को स्कूल की डायरेक्टर प्रवेश चौधरी, प्रबंधक हरेंद्र चौधरी, प्रधानाचार्य विनोद प्रकाश शर्मा दीपक गर्ग अंजना राठी जागृति शर्मा तथा समस्त स्टाफ ने शॉल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर चौधरी रामपाल सिंह बबीता चौहान के पिता जी निवासी गांव खखूड़ा चौधरी जगवीर सिंह लवीश तोमर मोहित रावत शिवेक रावत उपिन रावत गौरव चौधरी प्रवेंद्र देशवाल रोहताश चौधरी मुकेश शर्मा अहमदगढ़ आदि के साथ साथ स्कूली बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग की समस्याओं को लेकर सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव आछेपुर निवासी किसान नेता राजबीर सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर बिजली विभाग की समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।
उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अधिकतर गांवों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह नाकाम हो चुकी हैं। आए दिन क्षेत्र में कही ना कही हादसे हो रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग अनजान बना हुआ हे। घरों के पास से जा रही हाईटेंशन लाइनो से खतरा लगा रहता है । बीते साल गांव निवासी 23 मनीष की मृत्यु भी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई थी। लेकिन आज भी वह लाइन घर से मिलकर ही जा रही है।
आज फिर दनकौर क्षेत्र के गांव उस्मानपुर में एक युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। न जाने क्षेत्र अंतर्गत कितने लोग बिजली विभाग की लापरवाही से दिव्यांग हो बैठे हैं। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी नासमझ बने बैठे हैं। गांवों में लटकते हुए तारों से आए दिन डर लगा रहता है।

# पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी शिक्षा सुदृढ़ीकरण हेतु वार्षिक समीक्षा बैठक संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** आज विकास भवन के सभागार में पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु राकेट लर्निंग संस्था द्वारा संचालित आंगनबाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा की गई तथा यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बैठक में कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें विद्यालय के लिए तैयार करने हेतु विभिन्न उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकर में केंद्र खोलने के उपरांत बच्चों के साथ की गई गतिविधियों को आंगनबाड़ी शिक्षा व्हाट्सएप समूह पर अनिवार्य रूप से साझा करें। साथ ही सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया कि वे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें एवं नियमित रूप से उनका मार्गदर्शन करें। मुख्य विकास अधिकारी ने राकेट लर्निंग द्वारा संचालित कार्यक्रम की सराहना करते हुए डिजिटल कंटेंट के माध्यम से कार्यकत्रियों को सहयोग प्रदान करने, प्रशिक्षण में नियमित सहभागिता, सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने एवं सोशल-इमोशनल लर्निंग (SEL) पर दिए जा रहे विशेष जोर की प्रशंसा की।
साथ ही उन्होंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सुपरवाइजर एवं मुख्य सेविकाओं के प्रयासों की सराहना की। बैठक में जनपद के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से जिला समन्वयक शाहिना इकबाल,आयुषी कटियार, कार्यक्रम प्रबंधक चंद्र प्रकाश एवं राज्य प्रोग्राम लीड प्रवीण वर्मा भी उपस्थित रहे।

## पेन से लेकर कॉपी किताब ड्रेस तक हर जगह स्कूल संचालकों का कमीशन

# स्कूल और अनुबंधित दुकानदारों के खेल में परेशान अभिभावक कैसे पढ़े बच्चे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रबूपुरा।** शैक्षणिक सत्र 2026.2027 का आगाज होते ही जहां स्कूल संचालक और अनुबंधित दुकानदार फूले नहीं समा नहीं रहे हैं। वही इससे कई गुना ज्यादा अभिभावक परेशान नजर आ रहे हैं। आज के इस मंहगाई के युग में माता पिता को अपने नौनिहालों को स्कूल में पढ़ाने में पैरों तले जमीन खिस क रही है। जहां प्रदेश सरकार और जिला शिक्षा विभाग द्वारा नए नए नियम बनाए जाते हैं। उन सब का भी हिसाब भी आम जनता को अपनी जेब से करना पड़ता है। क्षेत्र अंतर्गत कई प्राइवेट स्कूलों में इस समय अपने बच्चों को एडमिशन दिलाने जा रहे अभिभावक मुंह लटकाकर लौटते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ नामचीन स्कूलों द्वारा मनमाफिक स्कूल फीस वसूली जा रही है। वही प्रत्येक प्राइवेट स्कूलों ने तो अधिकतर बच्चों की ड्रेस, किताब जूते सभी स्कूल में ही रख कर मनमर्जी दामों में बेच रहे हैं। जिन स्कूलों के पास यह सुविधा नहीं है वह कुछ दुकानदारों से अनुबंध कर कमीशन बाजी के खेल खेल रहे हैं। जहां अभिभावक की कमर तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। प्रत्येक स्कूल अपनी मनमर्जी बुक विक्रेता की दुकान चिह्नित कर अभिभावक को वही भेजता है। उस दुकान के अलावा कही भी स्कूल के स्लेवर्स से न मिलते हुए कोर्स की बात कहता है। मजबूरी में अभिभावक को उसी दुकानदार से कोर्स लेना पड़ता है। जो कि अपनी मनमर्जी कीमत पर देता है। आज के इस मंहगाई भरे युग में छोटे से बच्चे का एडमिशन कराने में इतना पैसा खर्च हो जाता है कि। घर के सारे खर्च एक तरफ और बच्चे की पढ़ाई एक तरफ। ऐसा नहीं है कि इन सभी स्कूलों की मनमानी से परेशान अभिभावक की पीड़ा अधिकारियों की समझ से परे है। लेकिन सब खामोश है। वैसे तो सरकारों द्वारा पूरे देश में शिक्षा को लेकर विभिन्न प्रकार से नारे, शो, प्रचार किए जा रहे हैं। लेकिन हालात को देखते हुए प्रारंभिक शिक्षा भी आमजनता की पहुंच से दूर होती जा रही है।

# पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाना हुआ अनिवार्य

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा शासनादेश संख्या 123/2025-8-3099/406/2023, लखनऊ दिनांक 28.01. 2025 तथा जिलाधिकारी द्वारा निर्गत पत्र के अनुपालन में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत अब प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले सभी नए भवन मानचित्रों में सोलर पैनल (सौर ऊर्जा संयंत्र) लगवाना अनिवार्य कर दिया गया है।जिला प्रशासन स्तर पर भी इस दिशा में पहल करते हुए जिलाधिकारी द्वारा पत्र जारी कर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने एवं भवन निर्माण में इसके अनिवार्य उपयोग हेतु निर्देश प्रदान किए गए थे। उसी के क्रम में जीडीए द्वारा यह व्यवस्था लागू की जा रही है। इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों एवं शासनादेश के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य जनपद में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना तथा भवन निर्माण को पर्यावरण के अनुकूल बनाना है।
प्राधिकरण के अनुसार, पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रत्येक भवन स्वामी को अपने भवन के क्षेत्रफल के अनुसार निर्धारित धनराशि (सिक्योरिटी प्रतिकृति राशि) मानचित्र स्वीकृति के समय जमा करनी होगी। यह राशि सोलर पैनल स्थापित करने के बाद ही संबंधित अभ्यर्थी को वापस (अपमुक्त) की जाएगी।
क्षेत्रफल के अनुसार जमा की जाने वाली धनराशि निम्नानुसार है:,,200 वर्ग मीटर से 500 वर्ग मीटर तक -20,000/- ,,500 वर्ग मीटर से 1000 वर्ग मीटर तक-50,000/- ,,1000 वर्ग मीटर से 5000 वर्ग मीटर तक -1,00,000/-,,5000 वर्ग मीटर से अधिक - 2,00,000/-जीडीए ने स्पष्ट किया है कि यह धनराशि सुरक्षा जमा के रूप में ली जाएगी, जिसे सोलर पैनल की स्थापना एवं उसके क्रियाशील होने के उपरांत नियमानुसार वापस कर दिया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, विद्युत खपत में कमी लाना तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना है। जीडीए द्वारा सभी आवेदकों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस योजना के अंतर्गत सोलर पैनल स्थापित कर हरित ऊर्जा को बढ़ावा दें। यह व्यवस्था दिनांक 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी तथा सभी नए भवन मानचित्रों पर अनिवार्य रूप से लागू रहेगी।

# डीपीएस स्कूल के हजारों अभिभावकों ने जिला प्रशासन का घेराव किया: जीपीए

**बुलनद संदेश ब्यूरो**






**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** जिले का प्रतिष्ठित स्कूल कहा जाने वाला डीपीएस जी स्कूल द्वारा बच्चों कि पढ़ाई के नाम पर 2 घंटे अतिरिक्त बढ़ाए जाने का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को डीपीएस जी स्कूल के हजारों अभिभावकों ने विरोध का स्वर एक सूर मैं लिए जिला प्रशासन पर चढ़ाई की, हजारों की संख्या में अभिभावक सुबह 10:00 से ही जिला प्रशासन पर पहुंचने शुरू हो गए जिनके समर्थन में गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन(जीपीए) संगठन की टीम ने सुबह से ही मोर्चा संभाल रखा था। और जीपीए सचिव अनिल सिंह ने अभिभावकों को संबोधित किया। अनिल सिंह ने कहा कि डीपीएस जी स्कूल की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी, एसोसिएशन अभिभावकों के साथ खड़ी है।जैसे ही डीएम साहब कार्यालय पहुंचे गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के नेतृत्व में समस्त अभिभावक डीएम साहब के कार्यालय की ओर कूच किया, लेकिन डीएम साहब के द्वारा पांच आदमियों को वार्ता के लिए बुलाने के लिए कहा जिसे अभिभावकों ने स्वीकार नहीं किया। अभिभावकों की मांग थी की समस्त अभिभावकों के सामने डीएम साहब आकर संबोधित करें। ऐसा नहीं हुआ सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय जी आए और अभिभावको को समझाने का प्रयास किया, सीएम साहब ने कहा की स्कूलों द्वारा बढ़ाया गया 2 हॉर्स का अतिरिक्त समय डीएम साहब के कार्य क्षेत्र से बाहर है, जिस पर अभिभावक भड़क उठे अभिभावकों में खासा रोष दिखाई दिया। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन बच्चों के साथ किसी तरह का प्रयोग कर रहा है और अतिरिक्त स्कूल समय बढ़ाने की अभिभावकों से स्वीकृति नहीं ली गई। छोटे छोटे बच्चों का स्कूल में पढ़ाई से लेकर घर पहुंचने में 10 से 11 घंटे लग रहे हैं बच्चों का सारा शेड्यूल खराब हो गया है बच्चे मानसिक तनाव में हैं। तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक अभिभावकों के बीच पहुंचे और पुनः जिलाधिकारी से बात करने की बात कहकर चले गए।
अभिभावक अपनी एक मांग पर अड़े रहे कि जब तक स्कूल की समय सारणी पहले जैसी नहीं हो जाती तब तक घर नहीं जाएंगे। अभिभावकों ने जिलाधिकारी से मांग की कि वह लिखित में दें कि जिले के कलेक्टर जिलाधिकारी के पास जिले के स्कूल की अनुचित समय सारणी में तब्दीली को रोकने के लिए पावर नहीं है। जिला प्रशासन गेट पर भारी संख्या में महिलाएं रोष व्यक्त करती रही।
दोपहर 3:00 बजे तक जिला प्रशासन गाजियाबाद के गेट पर अभिभावक प्रदर्शन करते रहे जिला प्रशासन द्वारा एसीपी सूर्यबली बली मौर्य व स्थानीय एसएचओ द्वारा पुलिस बल बुला लिया गया। पुलिस द्वारा अभिभावकों पर मुकदमा लिखे जाने का डर दिखाया लेकिन अभिभावक टस से मस नहीं हुए। डीपीएस जी के अभिभावाक स्कूल प्रबंध निदेशक ओम पाठक व जिला प्रशासन,शिक्षा विभाग के खिलाफ नारे लगाते रहे। अंत में शाम 4 बजे जीपीए सचिव अनिल सिंह ने अभिभावकों के साथ सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय के साथ उनके कार्यालय में मीटिंग की जिस पर अभिभावकों को सिटी मजिस्ट्रेट ने आश्वस्त किया और पांच दिन का समय मांगा। और बताया की सीबीएसई,एनसीपीसीआर, एनसीएफ आदि विभागों को मेल की गई है। जिसका रिजल्ट जल्द आ जाएगा इस पर सभी अभिभावक 5 दिन का समय लेकर अपने घरों को लौट गए।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत छात्राओं को महिला सुरक्षा, अधिकार एवं स्वावलम्बन के प्रति किया गया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश शासन एंव अभियोजन निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के निर्देश के अनुक्रम में अभियोजन अधिकारी दूधनाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत महिलाओं एंव बालिकाओं को उनके अधिकार एंव प्राप्त कानूनी सुरक्षा के प्रति



जागरूक किये जाने के कार्यक्रम के तहत उत्तम गर्ल्स इण्टर कालेज शास्त्रीनगर गाजियाबाद के परिसर में स्कूली छात्राओं, अध्यापिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलम्बन के प्रति जागरूक किया गया तथा वक्ताओं द्वारा यह भी अपील की गयी कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ किसी प्रकार का मानसिक व शारीरिक शोषण करने का समाज के किसी नकारात्मक तत्वों द्वारा करने का प्रयास किया जाता है तो उसकी सूचना अपने विद्यालय, अपने अभिभावक के माध्यम से निकटवर्ती पुलिस थाना को अवश्य सूचना दें जिससे शासन की सुस्पष्ट नीतियों/जीरो टालरेंस नीति के अन्तर्गत ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उन्हें दण्डित किया जा सके। इसी क्रम में आज दिनांक 06.04.2026 को उपरोक्त आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त विषय पर उत्तम त्रिपाठी अभियोजन अधिकारी द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रजेश कुमार पाण्डे संयुक्त निदेशक अभियोजन,गोष्ठी मे उपस्थित सभी अध्यापिकाओं एंव छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

### प्रशिक्षण एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना राजपुर में किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद गाजियाबाद में आज दिनाँक 06/04/2026 को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत निदेशक महोदया, महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुसार एवं जिलाधिकारी महोदय,गाजियाबाद के नेतृत्व एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन/ निर्देशन में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम POSH Ôct,2013, की थीम पर प्रशिक्षण एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना राजपुर में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ प्राची पाल प्रभारी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना रजापुर द्वारा किया गया उनके द्वारा बताया गया कि ढडरल



अधिनियम 2013 महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए बनाया गया है ताकि महिला कर्मचारियों की गरिमा और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।उक्त कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा महिला कल्याण विभाग की संचालित योजनायें यथा-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना(सामान्य) तथा स्पॉन्सरशिप की आवेदन प्रक्रिया,संचालित समस्त योजनाओं के बारे में बताया गया इसी क्रम में लोकेंद्र सिंह विधि सह परिवीक्षा अधिकारी द्वारा पोश एक्ट के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी देने के साथ ही विशाखा गाइडलाइन के बारे में भी स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद महिलाओं को बताने के साथ ही अवगत कराया गया कि अगर किसी भी महिला के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार होता हैं तो वह अपनी शिकायत छउ/कुउ ' के समक्ष रख सकती है कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में श्री अंकुर अग्रवाल पोश कंप्लायंस ट्रेनिंग एक्सपर्ट अटॉर्नी ऑफ लॉ द्वारा पोश एक्ट के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बनाना है, ताकि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

# बंदियों से मुलाकात व्यवस्था को सहज,सुगम और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा: जेल अधीक्षक सीताराम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** डासना स्थित जिला जेल के जेल अधीक्षक सीताराम ने प्रदेश सरकार मे जेल मंत्री दारा सिंह द्वारा कैदियों के मानवीय मूल्य को ध्यान में रखते हुए उनके मानसिक विकास हेतु अनेक कौशल विकास योजनाएं चलाई जा रही है।जिनका प्रशिक्षण बंदियों को दिया जा रहा है।वर्तमान में गाजियाबाद जेल में 3889 कैदी है। महिला कैदियों के लिए अलग व्यवस्था है यदि उनका पूरा परिवार जेल में है और परिवार में बच्चों को देखने वाला कोई नहीं है तो वह अपने बच्चों को साथ में भी रख सकता हैं बच्चों की एजुकेशन, न्यूट्रिशन का विशेष ध्यान रखा जाता है।छोटे बच्चों के लिए जेल में पार्क भी उपलब्ध है और पढ़ने वाले बच्चों को जेल से बाहर भी स्कूल में पढ़ने के लिए भेजा जाता है।जिन लोगों के परिवार में कोई पैरवी करने वाला नहीं है उनको कानूनी सलाह के लिए विधि साक्षरता समिति का गठन किया गया है।जिसमें कैदी कानूनी सलाह ले सकता है। समिति की बैठक प्रत्येक माह की जाती है।कैदियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है।इसलिए वर्तमान समय में अस्पताल में भी बंदियों की संख्या में काफी कमी आई है। स्वच्छता और सफाई को ध्यान में रखते हुए जेल में स्वच्छता समिति का गठन किया गया है। जिसमें एक टीम में 12 बंदी होते हैं। कैदियों केपरिवार वालों को मुलाकात के लिए सरल, सुगम एवं भ्रष्टाचार मुक्त बनाया गया है,बंदियों से मुलाकात के लिए 10 की पर्ची का भुगतान किया जाता है । तथा परिवार द्वारा सामान पहुंचाने के लिए सूची को जेल के बाहर लगाया गया है।पर्ची के लिए काउंटर बनाएं गए हैं।यदि कोई भी कर्मचारी भ्रष्टाचार करता पाया जाता है।उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, यदि कोई भी कर्मचारी पैसे की मांग करता है।

# बेमौसम आंधी बारिश से फसलों को नुकसान किसान परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रबूपुरा।** आए दिन हो रही बेमौसम बारिश और आ रही आंधी ने पिछले हफ्तों जहां किसानों की चिंता बढ़ाई थी अब क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जारी हल्के हल्के ओलो ने भी किसान को मुसीबत में डाल दिया है। खेतों में खड़ी किसान पकी फसल चौपट होती हुई नजर आ रही है। मार्च के आखिरी सप्ताह और मार्च के प्रारंभिक दो सप्ताहों में रबी की गेहूं की फसल की कटाई चलती है। कटाई के लिए तैयार खड़ी फसल आए दिन हो रही बारिश आंधी और पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में कही कही पड़ रहे ओलो से किसान परेशान है। क्षेत्र में जगह जगह खड़ी हुई फसल गिर गई है। और जो फसल कट चुकी है वह भीगकर खराब हो रही है। कुछ नाममात्र फसल मंडियों तक पहुंचने के बाद भीगकर खराब हो रही है। इस आंधी बरसात ओलो से फलों की फसल भी अछूती नहीं है। आम के पेड़ पर आ रहे आम के बीज भी ओलो से झड़ने लगे हैं। क्षेत्र अंतर्गत रविवार सुबह मौसम ने फिर करवट बदली तेज बारिश आंधी के साथ हुई ओलावृष्टि से किसानों की खड़ी फसल खेत में ही लौट गई। कुछ किसानों ने एकत्रित की हुई फसल को दोबारा सुखाने के लिए फैलाया था। वह सब भी भीगकर बेकार हो गई। रुस्तमपुर निवासी किसान दीपक ठाकुर ने बताया कि उनकी करीब 30 बीघा गेहूं की फसल थी। जिसमें से कुछ कट चुकी थी कुछ खड़ी हुई थी। रविवार सुबह आई बारिश से सब फसल बेकार हो गई। जिससे पैदावार में काफी फर्क पड़ेगा।

## आयोजन — कार्यक्रम का सफल आयोजन रामा ग्रुप एवं लायंस क्लब साहिबाबाद ग्रेटर के सौजन्य से संपन्न हुआ

# रामा ग्रुप एवं लायंस क्लब साहिबाबाद ग्रेटर द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव एवं नगर निगम गाजियाबाद के मनोनीत पार्षद श्री प्रदीप चौधरी के शपथ ग्रहण उपलक्ष्य में सेक्टर-5, राजेंद्र नगर, साहिबाबाद स्थित रामा ग्रुप कार्यालय में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन रामा ग्रुप एवं लायंस क्लब साहिबाबाद ग्रेटर के सौजन्य से संपन्न हुआ।
समारोह में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, समीर शर्मा, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, राजीव अग्रवाल, विक्रांत चौधरी, मेरठ मंडल अध्यक्ष अजय सिंघल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही कार्यक्रम में रामा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर लॉयन शरद गुप्ता तथा लायंस क्लब साहिबाबाद ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन गोबिंद अग्रवाल, सचिव लॉयन राजीव भार्गव, कोषाध्यक्ष लॉयन विकास गर्ग, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ लॉयन तरुण गुप्ता, रीजन चेयरपर्सन लॉयन अशोक अग्रवाल एवं जोन चेयरपर्सन लॉयन राकेश कुमार झा, लॉयन शीतला मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रदीप चौधरी का स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदीप चौधरी का भाजपा संगठन में तीन दशकों का समर्पण, निष्ठा एवं निरंतर सेवा ही आज इस सम्मान का आधार है। संगठन में लंबी अवधि तक सक्रिय सेवा के उपरांत जनसेवा का अवसर मिलना पार्टी द्वारा एक सच्चे कार्यकर्ता के सम्मान का प्रतीक है। रामा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर लॉयन शरद गुप्ता एवं लायंस क्लब साहिबाबाद ग्रेटर के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी।
वहीं बालकिशन गुप्ता एवं अन्य वक्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए इसे संगठन की कार्यकर्ता-केन्द्रित सोच का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इसी दौरान राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने व्यापारिक आयोग के गठन की सरकार से मांग की। इस अवसर पर प्रदीप चौधरी ने सभी उपस्थित अतिथियों, रामा ग्रुप, लायंस क्लब साहिबाबाद ग्रेटर एवं शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनसेवा के इस अवसर को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे।

# झूठे मामले में फसे लोगों को अधिवक्ता सुबोध तोमर ने दिलाया न्याय

**थाना धौलाना में दर्ज हुआ था मामला**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना** । अधिवक्ता सुबोध तोमर ने बताया की कस्बा धौलाना निवासी एक पक्ष ने अमजद, फिरोज आदि पर घर में घुसकर मारपीट करने सहित विभिन्न संगीन धाराओं में थाना धौलाना में मामला दर्ज कराया था । जिसमें पुलिस ने जांच करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की थी । अमजद आदि का पक्ष अधिवक्ता सुबोध तोमर ने मजबूती से रखा। जिस पर माननीय न्यायालय ने दोनों पक्षों की जिरह सुनते हुए दाण्डिक वाद संख्या 15970 / 2022 मुकदमा अपराध संख्या 151 / 2022 अन्तर्गत धारा-323,504,506,452 आई०पी०सी० थाना- धौलाना जिला हापुड़ के मामले मे अभियुक्तगण अजमद पुत्र सलीम , फिरोज पुत्र सलीम, मुस्ताक पुत्र अब्दुल मजीद , व जावेद पुत्र आविद को अन्तर्गत धारा 323, 504, 506, 452 आई०पी०सी० के आरोप से दोषमुक्त कर दिया । अधिवक्ता सुबोध की मजबूत पैरवी से अमजद, फिरोज पक्ष को न्याय मिल गया । जिससे धौलाना में खुशी देखने को मिली ।



अधिवक्ता सुबोध तोमर

# सफेद रसगुल्ला,सरसों का तेल,जूस,पनीर के नमूने फेल,5 लाख 65 हजार लगाया जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शासन के आदेश व जिलाधिकारी के निर्देश में गत मार्च माह में चलाये गये अभियान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के भरे गये नमूने जांच में फेल आने न्यायालय ने 15 प्रतिष्ठानों पर 5 लाख 65 हजार का जुमार्ना लगाया है। जिसकी जानकारी मिलने पर प्रतिष्ठानों के स्वामियों में हड़कंप मच गया है।

- न्यायालय ने जिले के 15 प्रतिष्ठानों पर लगाया जुमार्ना
- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गत जनवरी व मार्च माह में भरे थे नमूने
- जिले में मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार ने बताया कि गत मार्च माह में चलाये गये अभियान में विभाग द्वारा कमल डोसा हापुड़ पनीर,शुभ ट्रेड्रिंग कंपनी हापुड़ साबूदाना,पंडित जी मिष्ठान भंडार जिन्दल नगर धौलाना मिल्क केक,गुरु किराना स्टोर गढ़मुक्तेश्वर,सरसों का तेल,न्यू इंडिया स्वीटस कार्नर गढ़मुक्तेश्वर सफेद रसगुल्ला,कान्हा श्याम रेस्टोरेंट पिलखुवा अरहर की दाल,कान्हा श्याम रेस्टोरेंट पिलखुवा सौंफ,शर्मा जनरल स्टोर हापुड़ अरहर की दाल,राजीव शर्मा धौलाना सरसों का तेल,संदीप कुमार भीमनगर गाजियाबाद वाहन से गायब का दूध,रियासत बझैड़ा कला वाहन से मिश्रित दूध,शाद जूस कार्नर गढ़मुक्तेश्वर मौसमी का जूस,अम्बर आईसक्रीम रेलवे रोड हापुड़ आईसक्रीम वनीला फ्लेवर,अमन कुमार गढ़ वाहन से पाश्यूराईज्ड फुल क्रीम मिल्क परम ब्राण्ड,मोहन सिंहल भगवती गंज हापुड़ मसूर की दाल,हापुड़ मार्ट सी प्रीत विहार कुट्टू का आटा,मुकेश कुमार गढ़ वाहन से मिश्रित दूध,राहुल गढ़ साबूदाना,दिल्ली जूस हापुड़ अनार का जूस,सोनू पिलखुवा ब्रज स्पेशल चिप्स के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गये थे। जांच में नमूने फेल आने पर न्यायालय द्वारा 5 लाख 65 हजार का जुमार्ना लगाया है।



**एक लाख का जुमार्ना लगाया**

सहायक आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार ने बताया कि मार्च माह में न्यू इंडिया स्वीट्स कार्नर ग्राम रझैटी गढ़मुक्तेश्वर के यहां से सफेद रसगुल्ला का नमूना भरा गया था। जांच में नमूना फेल आने पर न्यायालय द्वारा एक लाख का जुमार्ना लगाया गया।

**खाद्य पदार्थों के की रिपोर्ट असुरक्षित व अधोमानक**

सुनील कुमार बताया कि 14 प्रतिष्ठानों ने पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर,छैना रसगुल्ला,बूंदी लड्डू,सफेद रसगुल्ला,बंदूी लड्डू व बंदी आदि के नमूने जांच में अधोमानक व असुरक्षित आये है। जांच रिपोर्ट के अनुसार नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार ने बताया कि जनपद में मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। आगामी पर्व के मद्देनजर खाद्य व पेय पदार्थों के नमूने जांच के लिए भरे जायेंगे।

# जीवन में तप,संयम,साधना को अपनाये: मुनि शुभ चन्द्र सागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कसेरठ बाजार पर जैन भक्तों को दिगम्बर जैन मुनि श्री 108 शुभ चन्द्र सागर महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि जैन धर्म मे तप,त्याग,दान,सेवा,संयम को अपनाना चाहिए। धर्म का मार्ग ही मनुष्य को आत्मसंतोष,शान्ति तथा स्थायी सुख देता है। मनुष्य नासमझी के कारण भौतिक वस्तुओं मे सुख खोजता है,किन्तु उसे दुख, असंतोष मिलता है,क्योंकि भौतिक सुख सुविधाओं में सच्चा सुख है ही नहीं। अभिषेक, शान्तिधारा, आरती, गुरू भक्ति का आयोजन हुआ।



24 तीर्थकर हुए हैं जिन्होंने जीवन में तप,संयम, साधना के मार्ग को अपनाने पर बल दिया। जैन धर्म का सबसे बडा तीर्थ सम्मेद शिखर जी झारखंड में है,जहॉ पर जैन तीर्थकरों ने घोर तप,साधना की। जैन धर्म के 20 तीर्थकर सम्मेद शिखर जी से ही मोक्ष गये हैं।

उन्होंने कहा कि आत्म कल्याण, मन की शान्ति,जीवन मे संतोष, मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होने के लिए गृहस्थ को

इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष सुधीर जैन टपिया,महामंत्री अशोक जैन, सुखमाल जैन, नितिन जैन, अनिल जैन, चेयरमैन प्रदीप जैन, सुरेश चन्द जैन, राजीव जैन, विकास जैन, गौरव जैन, अभिषेक जैन, तुषार जैन, मगन जैन, मंजू जैन, सीता जैन,सुषमा जैन आदि मौजूद रहे।

# धौलाना सीएचसी में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** धौलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा व वरिष्ठ उप निरीक्षक दिलशाद चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों को सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल शीतल चौहान व महिला गार्ड तनु कश्यप ने स्कूल की लड़कियों एवं बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों को बताया कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित होता है और किस स्थिति में तुरंत सतर्क होकर अपने अभिभावकों या पुलिस को जानकारी देनी चाहिए। साथ ही बाहर निकलते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इस पर भी विशेष जोर दिया गया।पुलिस टीम ने महिलाओं को 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और 181 (महिला सहायता) जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनका सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं को किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई। वरिष्ठ उप निरीक्षक दिलशाद चौधरी ने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है, इसलिए महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी होना बेहद जरूरी है।वहीं थाना प्रभारी अवनीश शर्मा ने कहा कि ह्ममिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। धौलाना पुलिस लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रही है, ताकि हर महिला खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।कार्यक्रम को लेकर उपस्थित महिलाओं व छात्राओं में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना की ।





# दर्शना स्कूल में चला जागरूकता अभियान, छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के उपाय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर से सटे पबला रोड स्थित दर्शना स्कूल मे सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को विभिन्न परिस्थितियों में सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने कहा कि छात्राओं का आत्मविश्वासी होना बेहद जरूरी है, ताकि वे किसी भी स्थिति का डटकर सामना कर सकें। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को समाज में नारी सम्मान बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया गया।इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष राकेश सल्होत्रा, प्रधानाचार्या स्वाति तोमर, कॉर्डिनेटर नूपुर गुप्ता, उपनिरीक्षक अंशु चौधरी, उप निरीक्षक बबीता शर्मा, थाना प्रभारी अरुणा राय, उपनिरीक्षक रेखा भदौरिया समेत स्टाफ मौजूद रहा।







# गौशाला में वैदिक यज्ञ का आयोजन, श्रद्धालुओं की सहभागिता से गूंजा परिसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर के लाला प्रेमशंकर पंचायती गौशाला में सोमवार को मासिक वैदिक यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर हवन कुंड में आहुति दी, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

आयोजन समिति के अनुसार यह धार्मिक कार्यक्रम लंबे समय से प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस बार एक दंपति ने यजमान के रूप में अनुष्ठान में भाग लिया, जबकि विद्वान आचार्य द्वारा वैदिक विधि से यज्ञ संपन्न कराया गया।

यज्ञ के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष अशोक कुमार कंसल तथा परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष सतीश गोयल, पिलखुवा शाखा के अध्यक्ष बिशन दयाल गोयल, सचिव डॉ सतीश वर्धन,वित्त सचिव आशीष सिंघल, महिला सहभागिता संयोजिका सीमा गर्ग, राधेश्याम गोयल, सुशील अग्रवाल, पवन मांगलिक, शीतल वर्धन, सरिता सिंघल के अलावा संस्था के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




# ट्रैफिक नियमों की अनदेखी पर पुलिस का एक्शन, बस अड्डे पर चला चेकिंग अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर के बस अड्डा क्षेत्र में रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने औचक चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध और नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहनों को रोककर जांच की और कई चालकों के चालान किए।

पुलिस ने खासतौर पर बिना हेलमेट बाइक चलाने, तीन सवारी बैठाने और तेज आवाज करने वाली बुलेट बाइक चालकों को निशाने पर लिया। नियमों का पालन न करने वालों को मौके पर ही फटकार लगाई गई और भविष्य में नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। टीआई शीशपाल सिंह ने बताया कि सड़क हादसों पर नियंत्रण पाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और लापरवाही करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस की सख्ती देखकर कई वाहन चालकों में हड़कंप मच गया, जबकि कुछ लोग कार्रवाई से बचने के लिए रास्ता बदलते नजर आए।






**उद्घाटन** क्लीनिक में 150 रुपये में व्यक्ति उपचार करा सकेगा: डा.पराग

# आरोग्य चेरिटेबल क्लीनिक का सीएमओ ने फीता काटकर उद्घाटन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को फ्री गंज रोड स्थित आरोग्य चेरिटेबल क्लीनिक का शुभारंभ डॉ सुनील त्यागी व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.वेद प्रकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डॉ पराग शर्मा ने बताया की आरोग्य चेरिटेबल क्लीनिक के माध्यम से मात्र 150 रुपये की ओ पी डी फीस देकर प्रत्येक वर्ग और निर्धन व्यक्ति में अपना इलाज करा सकता है। और चेरिटेबल की तरफ से समय समय पर सामाजिक जागरूकता और स्वास्थ सम्बंधित कराये जाते रहेंगे। क्लीनिक में प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक चलेगा।

**प्रतिनिधि सुबह 9 से 11 बजे तक चलेगा क्लीनिक**

इस अवसर पर डॉ पराग शर्मा वरिष्ठ फिजिशीयन,डॉ मीनू सैनी (महिला रोग ),डॉ मयंक दीक्षित (बाल रोग), डॉ.कार्तिकेय प्रकाश शर्मा (सर्जन) डॉ.मनीष माधरे (न्यूरो), चंचल, ऋतिका,सुमित, निखिल, शशि गोयल, सरिता गुप्ता,अतुल शर्मा,राज कुमार शर्मा,सुमित अग्रवाल, राजीव तोमर,सोनू कुमार गिरीश शर्मा, प्रशांत तवर,दीपक शर्मा, अमन गागरा,भारती सिंह, अजित सिंह, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।






# ट्रैफिक पुलिस ने दो कारों का काटा 31000 रुपये का चालान, कारों की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करने का वीडियो वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** युवकों को दो कारों की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करना महंगा पड़ गया।

**ट्रैफिक पुलिस की अपील,जनपदवासी ट्रैफिक नियमों का करें पालन**

पुलिस ने दोनों कारों का 31000 रुपये का चालान काट दिया। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने जनपदवासियों की अपील की है,वह वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें,अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

जनपद की सिविल व ट्रैफिक पुलिस ने समय-समय पर शिविर लगाकर व कार्यशालाएं आयोजित कर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करती है। इसके बावजूद भी युवक ट्रैफिक नियमों को तोड? में कोई कसर नहीं छोड़ते है। शुक्रवार को चलती कारों की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ,जिसका संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने दोनों कारों का 31000 रुपये का चालान काट दिया।




ट्रैफिक पुलिस ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें,अपनी व अन्य की जान जोखिम में नहीं डाले,यदि किसी वाहन चालक द्वारा ट्रैफिक नियमों को पालन नहीं किया जाता है,तो उसके खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## सम्पादकीय

# बच्चों की जिंदगियां बेतरतीब करते स्मार्टफोन



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

भारत में 50 प्रतिशत से अधिक किशोर रोज चार घंटे से ज्यादा टाइम स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे पढ़ाई, खेल और परिवार से संवाद का समय कम हो जाता है। इससे मोटापा, आलस्य, थकान और कमजोर स्टैमिना की समस्याएं बढ़ रही हैं। 60 प्रतिशत बच्चों में नींद पूरी नहीं होने से उनमे चिड़चिड़ापन और गुस्सा की प्रवृत्ति बढ़ती है तथा अपने भावनात्मक नियंत्रण की क्षमता कमजोर होने लगती है। चार घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम वाले 25.9 प्रतिशत बच्चे अवसादग्रस्त पाए गए जबकि इससे कम स्क्रीन टाइम वाले बच्चों में केवल 9.5 प्रतिशत ही अवसाद की समस्या पाई गई। तकनीक ने मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म और गेमिंग व ऐसे ही अन्य कई ऐप्स की लत से विश्व भर के बच्चों को एक खतरनाक और गंभीर स्थिति में ला दिया है। बच्चों में मानसिक व शारीरिक विकार बढ़ रहे हैं, वे साइबर अपराधों के शिकार हो रहे हैं । मोबाइल के कारण बच्चे आत्महत्या कर लगे हैं। बच्चों के सामाजिक व शैक्षिक जीवन पर इसका बुरा असर हो रहा है । 140 करोड़ की जनसँख्या के इस देश में दिसंबर 2025 तक 124.42 करोड़ मोबाइल धारक और 1.02 करोड़ से अधिक इंटरनेट ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता हो गए हैं। हर माह प्रति व्यक्ति औसत डाटा की खपत 25 जीबी वाला हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा दूसरा दूरसंचार बाजार है। कोरोना काल में स्कूल बंद होने के कारण ऑनलाइन कक्षाए संचालित कर बच्चों की पढ़ाई करवाने के सरकारी फरमान के बाद स्कूली बच्चों के हाथों में स्मार्टफोन देना पालकों की विवशता हो गई। हालाकि केंद्र के सरकारी और ऊँची फीस वाले निजी स्कूलों में इन ऑनलाइन कक्षाओं का विधार्थियों ने भरपूर लाभ लिया और अपनी सीखना जारी रखा, लेकिन लाखों सरकारी व छोटे गैर-सरकारी स्कूलों में यह मात्र औपचारिकता ही रहा और विधार्थी सीखने में पिछड़ गए। इस समूची कवायद का हश्र यह हुआ कि आदिवासी व ग्रामीण बसाहटों और शहरी झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारों के अधिकतर बच्चों को छोड़ कर देश भर के करोड़ो बच्चों के हाथों में यह उपकरण आ गया। सूचना, ज्ञान, संचार, वित्तीय लेनदेन और नियंत्रित मनोरंजन जैसी मूल आवश्यकताओं पीछे छोड़ ज्यादातर बच्चे इस उपकरण का व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स, यू-टयूब व गेमिंग के एप्स, सेल्फी, विडियो व रील बनाने आदि में जरुरत से बेहिसाब ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं। घंटों स्क्रीन पर अपनी आँखें और ध्यान गड़ाए रख आभासी दुनिया में विचरण करने लगते हैं। यह स्थिति कई चिंताए पैदा करती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन जैसी मानक संस्थाओं के अध्ययनों के अनुसार भारत में 2 साल से कम उम्र के 61 प्रतिशत बच्चे स्क्रीन देखना शुरू कर देते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि 2 साल तक के बच्चों को स्क्रीन बिल्कुल ही नहीं दिखानी चाहिए। भारत में 50 प्रतिशत से अधिक किशोर रोज चार घंटे से ज्यादा टाइम स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे पढ़ाई, खेल और परिवार से संवाद का समय कम हो जाता है। इससे मोटापा, आलस्य, थकान और कमजोर स्टैमिना की समस्याएं बढ़ रही हैं। 60 प्रतिशत बच्चों में नींद पूरी नहीं होने से उनमे चिड़चिड़ापन और गुस्सा की प्रवृत्ति बढ़ रही है तथा उनमें भावनात्मक नियंत्रण की क्षमता कमजोर होने लगी है। चार घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम वाले 25.9 प्रतिशत बच्चे अवसादग्रस्त पाए गए जबकि इससे कम स्क्रीन टाइम वाले बच्चों में केवल 9.5 प्रतिशत ही अवसाद की समस्या पाई गई।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष: अच्छी सेहत और लंबी उम्र के राज को यूँ समझे



डॉ. बी.आर.नलवाया, मंदसौर

अच्छी सेहत और लंबी उम्र की चाहत सभी व्यक्तियों की होती है,लेकिन बहुत ही कम लोग इन राज को जानते हैं। स्वस्थ रहने के सूत्र है- स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता चाहिए इसके लिए स्वस्थ रहने के चिकित्सीय व प्राकृतिक नियमों का पालन करें। जो व्यक्ति स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करते हैं, उन्हें बीमार पड़ने की चिंता नहीं रहती है, एवं वे बीमार भी नहीं पड़ते हैं, यदि बीमार हो भी जाते हैं, तो जल्द ही स्वतः ठीक हो जाते हैं। जीवन का सही सदुपयोग करने के लिए स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है । ऐसा कहा भी जाता है-- कि पहला सुख निरोगी काया। लंबी उम्र का राज आपकी जीवनशैली में ही छिपा हुआ है। जो सही पोषण एवं जीवन शैली पर ध्यान देने से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। अच्छी सेहत का आसान फामूर्ला है- हल्का भोजन करें, गहरी सांस लें, संयम से जिए, खुशी बढ़ाए व बाटते रहें तथा जो भी काम करें वह दिलीय रुचि से करें।

शरीर के रोग विकारों पर विश्व में तेजी से अनुसंधान हो रहे हैं। हमारी सेहत बहुत हद तक इस बात पर निर्भर रहती है, कि हम हर दिन कैसा भोजन करते हैं। भोजन में हर प्रकार की खाद्य सामग्री शामिल होना चाहिए। सेहत दुरुस्त रखने के लिए न केवल मौसमी हरी सब्जियां जरूरी है, बल्कि दूध, दही, घी, मट्ठा, हल्दी ,लहसुन, चुकंदर ,ग्रीन टी, अखरोट, सेब, खट्टे फल आदि इस तरह खानपान में सम्मिलित करने से सेहत अच्छी रहती । साथ ही विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज और विभिन्न प्रकार की दालें आदि का सेवन करना भी बहुत जरूरी है।

वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित किया गया है। इसीलिए मोटे अनाज (मिलेट)का अभी शासन प्रशासन द्वारा काफी प्रचार प्रसार किया जा रहा है, क्योंकि प्राचीन काल में मोटे अनाजों का प्रयोग सभी घरों में होता रहा है। किंतु वर्तमान में यह परंपरा खत्म हो रही थी।वर्तमान में पिज्जा, बर्गर अर्थात जंकफूड, फास्टफूड, एल्कोहल, सॉफ्ट ड्रिंक्स आदि आज के युवा पीढ़ी की जीवनशैली का हिस्सा बन चुके है। अब पौष्टिक संतुलित आहार लेने से ही हम शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में समर्थ हो सकते हैं।

सुबह का नाश्ता पौष्टिकता से भरपूर होना चाहिए, साथ ही यह कोशिश करें, कि हर दिन का नाश्ता अलग-अलग हो। सुबह का नाश्ता करना कभी नहीं भूले, क्योंकि नाश्ता करने से शरीर को काफी मात्रा में ऊर्जा मिलती है, जो आपको सेहतमंद रखने में मदद करती है। कहा जाता है कि यदि आप चुस्त और छरहरे बदन को रखना चाहते हैं तो आपको सुबह का नाश्ता एक शहंशाह की तरह करना चाहिए, दोपहर का भोजन एक राजकुमार की तरह करना चाहिए एवं रात्रि का भोजन एक भिखारी की तरह करना चाहिए। इसके साथ ही सुबह की शुरूवात एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस, दालचीनी के टुकड़े या शहद डालकर पिए। इसके कुछ समय पश्चात एक कप ब्लैक टी या ग्रीन टी या हर्बल टी या काफी आदि लेकर अच्छे से नाश्ता करें।

विदेशी जीवनशैली को देखें तो जापान के ओकिनावा में लोग सबसे लंबा जीवन जीते हैं। वहां 55 की उम्र तक लोगों को बच्चा ही माना जाता है ,जब उम्र 97 की हो जाती है, तो वहां व्यक्ति युवावस्था में प्रवेश करता है, क्योंकि जापान के लोग 3 गुना सब्जियां व 2 गुना फल खाते हैं। इसलिए दुनिया में जापान को सबसे लंबी उम्र वाले देशों में गिना जाता है, वहां के लोग न सिर्फ ज्यादा जीते हैं, बल्कि स्वस्थ और सक्रिय जीवन भी बिताते हैं। इटली के सार्डिनिया क्षेत्र में लोग 100 साल तक जीते हैं, इनके आहार में मोटा अनाज, बीन्स व अपने ही बगीचे की सब्जियां होती है। इनके भोजन में भेड़ के दूध से बना पनीर अवश्य होता है जिसमें ओमेंगो- 3 फैटी एसिड उच्च मात्रा में होता है, एवं वाइन का उपयोग यह लोग सीमित मात्रा में ही करते हैं।कोस्टारिका के निकोया प्रायद्वीप के लोगों के भोजन में बीन्स और मकई जैसे उच्च फाइबर वाले खाद्य पदार्थ होते हैं। इनका रात का खाना दिन से आधा होता है और नाश्ते में चावल और बीन्स से बना आहार लेते हैं ,तथा दिन भर के सभी कामों के लिए यह पैदल चलना ही पसंद करते हैं। ग्रीस (उत्तरी अमेरिका) के लोग स्वस्थ रहने हेतु नियमित रूप से दोपहर की झपकी लेते हैं। नींद की कमी महत्वपूर्ण हार्मोन संतुलन को बिगाड़ सकती है जिससे वजन बढ़ने, अवसाद और ह्रदय रोग की समस्या उत्पन्न होती है। पर्याप्त नींद से तन मन तरो ताजा रहता है इन सभी ध्यानाकर्षण बातों के साथ स्वस्थ रहने के लिए विचार भी उत्तम होने चाहिए, क्योंकि विचारों का प्रभाव सीधे हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है, दूषित विचार मन को विकृत करते हैं, जिसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल व नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**स्वस्थ रहने के जरूरी व आसान नियम:-**

भोजन हमेशा भूख लगने पर एवं निश्चित समय पर ही करें। देरी से पचने वाले गरिष्ट पदार्थ और अधिक मिर्ची मसाले का सेवन स्वास्थ्य हेतु हानिकारक है। स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए भोजन मे वे सारे पोषक तत्व होना चाहिए जो मनुष्य के शरीर के पोषण के लिए आवश्यक है। भोजन के तुरंत बाद अधिक जल ना पिए व 1 घंटे बाद भरपूर जल पिए। अधिक जल पीने से मोटापा दूर करने में भी सहायता मिलती है।

भोजन में परस्पर विरोधी चीजें जैसे दूध और उड़द की दाल, केला और छाछ एक साथ ना खाएं।

भोजन करते समय हमेशा प्रसन्नचित्त रहना चाहिए। इसके साथ ही शुद्ध वायु में अर्थात खुली हवा में सांस लेनी चाहिए। उत्तम स्वास्थ्य के लिए शुद्ध प्राणवायु हेतु प्रातः काल भ्रमण अति आवश्यक है। भोजन करने के दौरान खाना खूब चबा चबाकर खाना चाहिए इससे खाना अच्छी तरह पचता है।

दिन में एक बार अलसी, तेल, सोयाबीन आदि से बने खाद्य पदार्थों का सेवन अवश्य करना चाहिए।

रात का भोजन हल्का ही होना चाहिए एवं सोने से कम से कम दो-तीन घंटे पहले भोजन जरूर कर लेना चाहिए। सूर्य शक्तियों का मूल स्त्रोत है। सूर्य की किरणों से शरीर के अनेक रोग एवं कीटाणु नष्ट हो जाते हैं एवं सूर्य की उपासना से शरीर निरोगी रहता है। ज्यादा चाय, कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इनकी अधिकता तनाव को घटाने के बजाय बढ़ाती है। बेड टी लेना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से बचना अति आवश्यक है। यदि आप तंबाकू छोड़ने हैं, तो सिर्फ 20 मिनट के भीतर आपका ब्लड प्रेशर और दिल की धड़कन सामान्य होने लगते हैं। स्मोकिंग करने वालों में फेफड़े कैंसर होने की आशंका 20 मिनट तक बढ़ जाती है। नियमित शारीरिक व्यायाम करके शरीर के वजन को बढ़ने ना दे। 2 मिल पैदल चलने पर 200 कैलोरी ऊर्जा की खपत हो जाती है। हफ्ते में एक-दो दिन व्यायाम से भी 33 प्रतिशत कम होता है--हार्ट अटैक का खतरा। स्पष्ट है कि डेली वॉक, योग, एक्सरसाइज से मेटाबोलिज्म हेल्थ सही रहती है। हर सप्ताह में कम से कम 5 बार ड्राई फ्रूट्स अवश्य खाना चाहिए उत्तम स्वास्थ्य के लिए दिन में कम से कम 7 से 8 गिलास पानी अवश्य पीना चाहिए एवं प्रातः जल्दी स्नान किया जाए तो यह बहुत उत्तम होता है।

एसिडिटी होने पर ठंडा दूध बार-बार लेना चाहिए। एसिडिटी की समस्या में अचार और चाय का सेवन हानिकारक है।

तीन सफेद चीजें नमक, शक्कर एवं मैदे का सेवन न्यूनतम होना चाहिए।

समय-समय पर उम्र के पड़ाव के साथ-साथ नवीन तकनीक पर आधारित शारिरिक जांचे करवाना चाहिए।

स्क्रीन टाइम दिन में 2-- 3 घंटे से ज्यादा नहीं होना चाहिए। यदि हो सके तो हर 20 मिनट पर 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूरी से स्क्रीन ब्रेक ले। इससे आंखों की थकान में 50% राहत मिलेगी।

अंत में आज विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हमें अपने सेहत के प्रति जागरूक रहने का आव्हान किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी यही लक्ष्य है, कि हर किसी को प्राथमिक स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य का लाभ मिलता रहे एवं हम खुद भी स्वास्थ्य के प्रति सजग लगे रहे।

**डॉक्टर सुबोध कुमार नलवाया**

## एक कविता और ?

कैसे कहें
जीवन अब भी वैसा ही
जैसा कभी था,
बस मुस्कान की जगह
होठों पर एक आदत रह गई।
रोज सुबह
सूरज तो निकलता
पर उजाला
दिल तक नहीं पहुँचता,
दरवाजा खुला हो
पर हवा अंदर नही आ पाती,
जिम्मेदारियों की गठरी
कंधों पर रखी
सपनों की जगह
ही शेष नहीं बची,
और जीवन
तो जैसे
हर खुशी का दाम लगाता।
कभी लगता
कि थोड़ा ठहर कर
थोड़ा जी लूँ कुछ क्षण,
पर वक्त कहता
अभी रुक जाओ
अभी तुम्हें और
सुलझाने अनकहे प्रश्न
रिश्ते भी अब
कागज की तरह हल्के हो गए
हल्की सी हवा चली
और बिखर गए,
हम भी
उन्हें समेटते-समेटते
खुद ही बिखर गए,
फिर
एक उम्मीद कहीं,
बहुत भीतर सी
किसी पल
यह थका हुआ मन
फिर से मुस्कुराना सीख जाएगा,
जो पल
जो आज बोझील से,
वही एक दिन
धीरे से कहेगे
अब थोड़ा जी भी लो
एक कविता और
के साथ गलबहिंया डाले।



संजीव ठाकुर,

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# सत्ता की चाह में हिंदी का विरोध कब तक सहेगा भारत देश?



अरविंद रावल

हमारे देश भारत में जब पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक एक देश, एक विधान और एक निशान लागू है, तो फिर देश में एक भाषा क्यों नहीं लागू हो सकती है ? भाषा के नाम पर आखिर कब तक देश के कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के नेता देश के आम जन को बाँटकर सत्ता स्वार्थ की रोटियाँ सेंकते रहेंगे ? अभी हाल ही में भारत के दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में विधानसभा के चुनावों के आते ही फिर से हिंदी भाषा के विरोध का अपना पुराना राग सत्ताधारी डीएमके के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने छेड़ दिया है। पिछले साल महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनावों के पूर्व भी हिंदी भाषा को लेकर ठाकरे बंधुओं ने धमकियाँ देकर विरोध किया था, लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने विधानसभा के चुनावों में ठाकरे बंधुओं को मत से ऐसा सबक सिखाया कि अब वे कभी अपने बूते राज्य की सियासत के सिरमौर कभी नहीं बन सकते हैं।

देश के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा स्कूली पाठ्यक्रम में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी भाषा का विरोध करना औचित्यहीन है। महाराष्ट्र की तरह ही दक्षिण भारत की जनता को भी हिंदी भाषा से कोई परहेज नहीं है। क्षेत्रीयता के आधार पर हिंदी भाषा और हिंदी भाषी लोगों का विरोध कर वोट हासिल कर सत्ता स्वार्थ भोगना कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का पुराना शगल जरूर रहा है, लेकिन आज देश की जनता को भाषा से ज्यादा अपने विकास और सुरक्षा की जरूरत है। ऐसे में यदि कोई दल यह सोचे कि वह भाषा का वैमनस्य फैलाकर लंबे समय तक सत्ता का सुख भोग सकेगा, तो यह वर्तमान भारत में अब संभव नहीं है। हिंदी हमारी राजभाषा है और यह हमारे राष्ट्रीय गौरव और स्वाभिमान की भाषा है। इसका विरोध करने का अधिकार किसी भी व्यक्ति या राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। राष्ट्रभाषा का विरोध करने वाले लोगों और भाषा के आधार पर देश को बांटने वाले राजनीतिक दलों के खिलाफ केंद्र सरकार को कड़ा रुख अपनाना चाहिए। माननीय सर्वोच्च न्यायालय से भी निवेदन है कि भाषा और जाति के आधार पर देश को बाँटने वाले नेताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए उनकी राजनीतिक मान्यता समाप्त की जाए।

यदि देश में एक विधान और एक निशान लागू है, तो फिर देश में एक भाषा भी लागू होना ही चाहिए। भारत सरकार को भी चाहिए कि वह राजभाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा का कानूनी दर्जा देकर देश में एक विधान और एक निशान के साथ देश की एक भाषा के रूप में हिंदी भाषा को देश की पहचान के रूप में लागू करे , अन्यथा सत्ता की चाह में क्षेत्रीय नेताओं का हिंदी भाषा का आंतरिक विरोध कब तक यह देश सहता रहेगा ?

# रोटी से बड़ी हो गई गैस-शहर छोड़ते मजदूरों की मजबूरी

भारत में प्रवासी मजदूरों का संकट एक बार फिर सामने खड़ा है, और इस बार इसकी जड़ में केवल आर्थिक मंदी या रोजगार की कमी नहीं, बल्कि एक गहरा ऊर्जा संकट है, जिसने शहरों की चमक के पीछे छिपी कमजोरियों को उजागर कर दिया है। हाल के दिनों में देश के कई औद्योगिक शहरों विशेषकर सूरत, दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद में हजारों मजदूर अपने गांवों की ओर लौटते दिखाई दिए। यह वही वर्ग है जिसने वर्षों से भारत के औद्योगिक विकास की रीढ़ बनकर काम किया है, लेकिन संकट आते ही सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। इस बार संकट की शुरूआत रसोई से हुई है। एलपीजी की भारी कमी और कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि ने मजदूरों के लिए शहरों में रहना लगभग असंभव बना दिया है। कई रिपोर्टों के अनुसार छोटे सिलेंडरों की कीमत ?500 से बढ़कर 1,100-2,000 तक पहुंच गई, जबकि सामान्य घरेलू सिलेंडर 3,200-4,000 तक बिकने लगे। इतना ही नहीं, ब्लैक मार्केट में गैस ?500 प्रति किलो तक पहुंच गई, जो एक दिहाड़ी मजदूर के लिए असंभव है। ऐसे में सवाल यह नहीं रह जाता कि मजदूर क्यों जा रहे हैं, बल्कि यह बन जाता है कि वे रुकें भी तो कैसे।

सूरत, जो देश का प्रमुख टेक्सटाइल हब है, इस संकट का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। वहां पिछले एक महीने में 1.5 लाख से अधिक मजदूर शहर छोड़ चुके हैं। यह पलायन इसलिए नहीं हुआ कि काम नहीं था, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि मजदूर अपने दैनिक जीवन की बुनियादी जरूरत खाना पकाने को पूरा नहीं कर पा रहे थे। यह स्थिति बताती है कि शहरी अर्थव्यवस्था कितनी हद तक अस्थायी और असुरक्षित श्रम पर निर्भर है।

इस संकट की जड़ें वैश्विक घटनाओं से भी जुड़ी हुई हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने ऊर्जा आपूर्ति को बाधित किया है, विशेषकर एलपीजी जैसी ईंधन आपूर्ति को, जिसका बड़ा हिस्सा भारत आयात करता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अत्यधिक रूप से बाहरी स्त्रोतों पर निर्भर है, और यह निर्भरता अब संकट का कारण बन रही है। जब अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उसका सीधा असर देश के सबसे कमजोर वर्ग पर पड़ता है। यही कारण है कि एलपीजी संकट केवल ऊर्जा संकट नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट में बदल जाता है।

इसका प्रभाव केवल मजदूरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे औद्योगिक ढांचे पर पड़ रहा है। छोटे और मध्यम उद्योग, जिन्हें एम एस एम ई कहा जाता है, इस संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। ये उद्योग उत्पादन के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं, और जैसे ही गैस की कीमत बढ़ी या आपूर्ति बाधित हुई, उत्पादन धीमा पड़ गया। कई जगहों पर फैक्ट्रियों को सप्ताह में दो दिन बंद रखना पड़ा, और काम के घंटे कम करने पड़े। इससे न केवल उत्पादन घटा, बल्कि मजदूरों की आय भी प्रभावित हुई।



महेन्द्र तिवारी

देश के विभिन्न हिस्सों से मिल रही खबरें इस संकट की व्यापकता को दर्शाती हैं। तेलंगाना में होटल और रेस्तरां उद्योग को भारी नुकसान हुआ है, जहां 50 प्रतिशत तक गैस की कमी के कारण कई इकाइयों को बंद करना पड़ा और हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए। मध्य प्रदेश में पारंपरिक खाद्य उद्योगों का उत्पादन 50 प्रतिशत तक गिर गया है, जबकि कर्नाटक और अन्य राज्यों में निर्माण कार्य रुकने लगे हैं क्योंकि मजदूरों के पास खाना बनाने की सुविधा नहीं है। यह दिखाता है कि एक ईंधन संकट कैसे पूरे आर्थिक तंत्र को प्रभावित कर सकता है। इस संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मजदूरों के पास औपचारिक एलपीजी कनेक्शन नहीं होते। अधिकांश प्रवासी मजदूर अस्थायी बस्तियों में रहते हैं, जहां उन्हें गैस कनेक्शन लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं मिल पाते। परिणामस्वरूप वे ब्लैक मार्केट पर निर्भर होते हैं, जहां कीमतें कई गुना अधिक होती हैं। यह व्यवस्था उन्हें हर संकट में सबसे कमजोर स्थिति में डाल देती है। यदि इस स्थिति की तुलना कोविड-19 के समय से की जाए, तो कई समानताएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। उस समय भी अचानक लॉकडाउन और रोजगार की कमी के कारण लाखों मजदूर शहरों से गांवों की ओर लौटे थे।

आज भी स्थिति कुछ वैसी ही बनती दिख रही है, फर्क केवल इतना है कि इस बार कारण वायरस नहीं, बल्कि ईंधन और महंगाई है। लेकिन परिणाम वही है—पलायन, असुरक्षा और अनिश्चितता। एम एस एम ई क्षेत्र, जो भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है और निर्यात में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, इस संकट से जूझ रहा है। यह क्षेत्र लगभग 24 करोड़ लोगों को रोजगार देता है, लेकिन इसके पास संकट से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। जब लागत बढ़ती है और मांग घटती है, तो सबसे पहले यही छोटे उद्योग प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि हजारों इकाइयां पहले ही बंद हो चुकी हैं और लाखों नौकरियां जा चुकी हैं। ऊर्जा संकट के साथ-साथ सप्लाई चेन में भी भारी बाधा आई है। निर्यात के लिए तैयार माल बंदरगाहों पर अटका हुआ है या समय पर नहीं पहुंच पा रहा। इससे कंपनियों को महंगे विकल्प जैसे एयर फ्रेट का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे लागत और बढ़ जाती है।

दूसरी ओर, घरेलू बाजार में भी मांग में गिरावट आई है क्योंकि महंगाई के कारण उपभोक्ता खर्च कम कर रहे हैं। सरकार की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि सरकार ने आश्वासन दिया है कि आपूर्ति सामान्य हो रही है और कुछ कदम उठाए गए हैं, जैसे कि आधार के माध्यम से मजदूरों को गैस उपलब्ध कराने की योजना, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। उद्योग संगठनों का कहना है कि इस तरह के संकट के लिए पहले से तैयारी की जानी चाहिए थी, खासकर तब जब यह स्पष्ट था कि वैश्विक संघर्ष का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ेगा।

इस पूरे संकट का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यह केवल एक अस्थायी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे ढांचागत संकट का संकेत है। भारत की ऊर्जा पर बढ़ती आयात निर्भरता, कमजोर सामाजिक सुरक्षा तंत्र, और असंगठित श्रम पर अत्यधिक निर्भरता ये सभी कारक मिलकर इस स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। जब तक इन मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक ऐसे संकट बार-बार सामने आते रहेंगे।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** — आपके विरोधी खड़े हो रहे है, अपने विचार शेयर ना करे, लोगों से कनेक्शन बनेंगे फायदे भी होंगे, डिप्लोमेटिक बने। भाग्य प्रतिशत- 49

**वृषभ** — पत्नी और माँ के रिश्ते खराब चल रहे है, आपको समस्याएं सुलझाने की जरूरत है, सरकारी नौकरी वाले उपरी आमदनी सोच समझकर करे।
भाग्य प्रतिशत- 49

**मिथुन** — बेवजह सोचना बंद करे, किडनी रोग, हाइपर टेंशन, न्यूरो समस्या बढ़ सकती है, प्रिंटिंग, किताबों का व्यवसाय मंदा रहेगा।
भाग्य प्रतिशत- 48

**कर्क** — अपने ह्रदय एवं छाती का ध्यान रखें, उधार दिया पैसा मिलने में मुश्किल होगी, पूजा करेंगे मगर दिमाग विचलित रहेगा।
भाग्य प्रतिशत- 44

**सिंह** — वैवाहिक जीवन असफल हो सकता है, मुकदमे में उलझना संभव है,अपने इगो को काबू में रखें,थोड़ा नम्र रहे।
भाग्य प्रतिशत- 42

**कन्या** — किसी स्त्री का घर में आगमन होगा,बड़े वायदे ना करें,थोड़ी एसिडिटी सम्भव है,गर्भवती स्त्रियां अपना ध्यान रखें।भाग्य प्रतिशत- 45

**तुला** — नौकरी की समस्या हल नहीं हो रही है, इधर उधर के विचार आते रहेंगे, मार्केटिंग में टार्गेट पूरा नहीं होगा।
भाग्य प्रतिशत- 44

**वृश्चिक** — छोटे भाई बहन से सुख मिलेगा, मन शांत रहेगा,खुद के लिए कोई लक्ष्य तय करेंगे, संघर्ष रहेगा, आय में कमी रहेगी।
भाग्य प्रतिशत- 44

**धनु** — जितना धन चाह रहे है उससे थोड़ा कम मिलेगा, नए प्रोजेक्ट अटक सकते है, सिक्स्थ सेन्स से काम लेंगे, वाणी सौम्य रखें। भाग्य प्रतिशत- 45

**मकर** — योजनाएं बहुत है मगर विलंब संभव है, कोई साथ नहीं देगा, चिंता की जगह परिश्रम करे एकांत में स्वयं का आकलन करे। भाग्य प्रतिशत- 40

**कुंभ** — व्यापार सम्बन्धित यात्रा सम्भव है, लोगों को समझाने में थोड़ी मुश्किल होगी, पत्नी संतान को कठिनाई होगी।
भाग्य प्रतिशत- 48

**मीन** — ससुराल पक्ष को आपसे कुछ धन प्राप्त होगा, गलत जगह पैसे इनवेस्ट ना करे, मेहनत करने से शाम तक अच्छी इन्कम होगी।
भाग्य प्रतिशत- 65



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# 6 अप्रैल को सैफी सेवा फाउंडेशन द्वारा बुजुर्गों को खिराजे-अकीदत, कुरआनख़्वानी व दुआ का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**अमरोहा।** वर्ष 1975 में आयोजित एक ऐतिहासिक बैठक में सैफी नाम को पहचान दिलाने वाले बुजुर्गों को याद करते हुए सैफी सेवा फाउंडेशन (रजि़०) द्वारा 6 अप्रैल को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन तमाम बुजुर्ग हस्तियों को श्रद्धांजलि (खिराजे-अकीदत) पेश की जाएगी, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। कार्यक्रम के तहत सभी मरहूम बुजुर्गों के नाम पर कुरआन शरीफ का पाठ (कुरआनख़्वानी) कर उसे बख्शवाया जाएगा। साथ ही, यूसुफ सैफी की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए विशेष दुआ भी की जाएगी। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि इस मौके पर कुरआन पढ़ने वाले बच्चों को भोजन भी कराया जाएगा, जिससे नेक काम के साथ समाज में भाईचारे और सेवा का संदेश दिया जा सके। सैफी सेवा फाउंडेशन हर वर्ष इस दिन को बुजुर्गों की याद में समर्पित करते हुए उनके योगदान को सम्मानपूर्वक याद करता है और समाज में एकता, सेवा और सद्भावना को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

# किताबों के मुद्दे पर कांग्रेस का तहसील पर जोरदार प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** निजी प्रकाशनों की महंगी किताबें को लेकर सीबीएसई स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता झंडे-बैनरों के साथ तहसील मुख्यालय पर जुटे और नारेबाजी के बीच उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस गंभीर प्रकरण में कार्यवाही किए जाने की मांग की।

कांग्रेस नेता सुनील शर्मा ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के अनेक सीबीएसई स्कूल एनसीईआरटी की अनिवार्यता को दरकिनार कर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें विद्यार्थियों पर थोप रहे हैं। जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने इसे सुनियोजित आर्थिक शोषण और कमीशनखोरी करार देते हुए कहा कि इससे न केवल शिक्षा की एकरूपता भंग हो रही है, बल्कि छात्र भी परीक्षा प्रणाली को लेकर भ्रमित हो रहे हैं। क्योंकि बोर्ड परीक्षाएं एनसीईआरटी पर आधारित होती हैं। शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सैन ने प्रशासन से मांग की कि सत्र 2026-27 से नर्सरी से कक्षा 12 तक केवल एनसीईआरटी/एससीईआरटी पाठ्यपुस्तकें अनिवार्य की जाएं। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर भारी जुमार्ना लगाकर उनकी संबद्धता समाप्त की जाए। उन्होंने इस मुद्दे को जनहित से जुड़ा बताते हुए निर्णायक लड़ाई की चेतावनी दी। और आगामी 8 अप्रैल से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किए जाने की चेतावनी भी दी। एसडीएम द्वारा तीन दिन में कार्यवाही किए जाने के आश्वासन पर प्रदर्शनकारी शांत हुए।




इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष चांद वीर चौधरी, राकेश सोनी, हरीश लडड़ा, सीएन वर्मा, सन्नी हनुमानपुरी, सुरेश दोसा, जावेद अहमद तोडी, ओमपाल शर्मा, रजनी शर्मा, ममता, गोरी, सोनू, राजवती, राजरानी, कुसुम, सना, रविंद्र कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, नाथू प्रधान, श्रीओम शर्मा, मुकुल शर्मा, विनोद गुप्ता, रामकिशन शर्मा, कल्पना सिंह, कामेश शर्मा, वकील अहमद, मनोज जैन, विनोद शर्मा, इंदिरा शर्मा, जहीर खान, परविंदर कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोदीनगर महोत्सव में प्रतिभाओं को मिला मंच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सीकरी कलां के निकट स्थित किडजी स्कूल परिसर में रविवार को आयोजित मोदीनगर महोत्सव 2026 का आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्राइममैक्स म्यूजिक स्टूडियो एवं द पिंक जिम के संयुक्त तत्वावधान में

## द ग्रेट खली की मौजूदगी ने युवाओं में भरी ऊर्जा

आयोजित इस महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय रेसलर द ग्रेट खली आकर्षण का केंद्र रहे। खली को देखते ही युवाओं में जोश भर गया। आयोजक अमित गोयल के मुताबिक महोत्सव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। जिसके तहत नृत्य, गायन एवं मॉडलिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को प्रभावित किया और पूरे





कार्यक्रम के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेसलर द ग्रेट खली, कलाकार खुशी बलियान एवं डीजे शेजवुड की उपस्थिति रही। इनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की और दर्शकों में रोमांच का संचार किया। आयोजक अमित गोयल एवं राधा गोयल ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। महोत्सव में नगर के कई प्रमुख व्यक्तित्वों की उपस्थिति रह। इस अवसर पर मोदी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीईओ एनपी बंसल, किड्जी मोदीनगर के चेयरमैन अनिल बंसल, स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल बंसल के अलावा पालिका क्षेयरमैन विनोद वैशाली, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा, वरिष्ठ रालोद नेता दीपक चौधरी, भाजपा नेता पप्पन शर्मा, अंकुर सक्सेना, झलक शर्मा, ऊर्जा गोयल, युगल गोयल, मधुर अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# मिशन शक्ति 5.0: ऑपरेशन सवेरा के तहत महिला थाना प्रभारी पहुंचीं वृद्धाश्रम, बुजुर्गों ने दिया डीएम बनने का आशीर्वाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा के तहत महिला थाना प्रभारी अरुणा रॉय अपनी टीम के साथ एक वृद्धाश्रम पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और आश्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महिला थाना प्रभारी ने उपस्थित बुजुर्गों को ऑपरेशन सवेरा के तहत संचालित 14567 टोल-फ्री नंबर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान विशेष रूप से उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए है, जो अकेले रहते हैं और जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है। इस पहल के तहत 112 पर पंजीकरण कराने के बाद पुलिस समय-






समय पर उनके घर जाकर उनका हालचाल लेती है और आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराती है। अरुणा रॉय और उनकी टीम के व्यवहार से प्रभावित होकर आश्रम के बुजुर्गों ने उन्हें डीएम बनने का आशीर्वाद दिया। बुजुर्गों के इस स्नेह और आशीर्वाद को पाकर महिला थाना प्रभारी के चेहरे पर भी मुस्कान झलक।

# गाजियाबाद में उत्तराखंडी समाज ने जनप्रतिनिधियों का किया भव्य नागरिक अभिनंदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** संजय नगर स्थित रामकिशन पब्लिक स्कूल में आज उत्तराखंडी समाज द्वारा एक भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उत्तराखंड महासंघ गाजियाबाद के अध्यक्ष भगीरथ सिंह रावत (सर जी) ने किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम गाजियाबाद के लिए मनोनीत पार्षद प्रदीप चौधरी, खोडा मकनपुर नगरपालिका परिषद के लिए मनोनीत सभासद हेमंत जोशी तथा भाजपा महानगर मंत्री के रूप में चयनित प्रमिला राणा (पत्नी अनिल राणा, पूर्व पार्षद, लाजपत नगर क्षेत्र) का नागरिक अभिनंदन किया गया।

समारोह में सभी अतिथियों का शाल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा माल्यार्पण के साथ सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंडी परिवारों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही, जिससे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण और गरिमामय बना रहा।



इस दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गोयल, कुमाऊं सभा अध्यक्ष बालम सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह रावत, उत्तर प्रदेश जल निगम कर्मचारी एसोसिएशन के पश्चिमी क्षेत्रीय महासचिव दीप सिंह रावत, पर्वतीय भ्रातृ समिति सेवा लाजपत नगर के महासचिव विकास शाह, सहकार भारती गाजियाबाद के समन्वयक ठाकुर रामवीर सिंह सहित देवभूमि युवा समिति (पंजी.) संजय नगर के पदाधिकारी एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द, सम्मान और समाज के प्रति एकजुटता के संदेश के साथ हुआ।

## भारतीय जनता पार्टी केन्द्र व प्रदेश में जनता की सेवा कर रही है: सत्यपाल सैनी

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 47वॉं स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिला प्रभारी, विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सैनी व जिलाध्यक्ष कविता माधरे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने हर्षोल्लास के साथ पार्टी का 47वॉं स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

सोमवार को भाजपा का स्थापना दिवस मनाते हुए विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सैनी, क्षेत्रीय महामंत्री डा.विकास अग्रवाल, जिलाध्यक्ष कविता माधरे, यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि, विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिया आदि ने ध्वजारोहण कर कार्यकर्ताओ को लड्डू खिलाकर कार्यकताओं का पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी।











भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी सत्यपाल सैनी ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही सौभाग्य का विषय है,कि आज 47वां स्थापना दिवस मनाते हुए हमें गर्व की अनुभूति हो रही है।

आज भारतीय जनता पार्टी केंद्र व प्रदेश में जनता की सेवा कर रही है। भारत का नाम विश्व की प्रमुख शक्तियों में लिया जाने लगा है। जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओ व प्रतिनिधियों का सदैव एक ही लक्ष्य रहता है,कि किस प्रकार जनता की सेवा करें दिन-रात जनता के कार्य में लगे रहते हैं। आज विश्व में भारतीय जनता पार्टी का नाम सबसे ऊपर लिया जाता है। और भारत माता की जय के उद्घोष से पूरे विश्व में भारत का परचम लहरा रहा है।

वहीं दूसरी हापुड़ के उत्तरी मंडल के अध्यक्ष प्रशांत त्यागी के कैंप कार्यालय पर भी भारतीय जनता पार्टी का 47वॉं स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री डा.विकास अग्रवाल,पूर्व विधायक राम नरेश रावत, बिजेन्द्र कुमार, कमल मलिक,पूर्व जिलाध्यक्ष संजय त्यागी,अशोक पाल,जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ,विधायक विजयपाल आढ़ती,सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता,अशोक बबली,जिला महामंत्री श्यामेन्द्र त्यागी,कपिल एसएम,राहुल उपाध्याय,पूर्व जिलामंत्री मोहन सिंह,प्रफुल्ल सारस्वत,प्रिंस पंडित,विजय शर्मा सर्राफ,अमित सिवाल,गन्ना समिति के चेयरमैन कुणाल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष पुनीत गोयल, मनोज गौतम,राज सुन्दर तेवतिया,जय भगवान शर्मा,अमित शर्मा,जिला मीडिया प्रभारी अमित टांक,गौरव रुड़कीवाल,सुयश वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# कुन्दरकी में 52 वां सैफी डे दुआ के साथ मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी ।** सोमवार को 52 वां सैफी डे गैर सियासी तंजीम सैफी सोयायटी कुन्दरकी के तत्वावधान में नगर में यामीन सैफी के आवास ने पर मनाया गया ।

52 वें सैफी डे के मौके पर गैर सियासी तंजीम सैफी सोसायटी कुन्दरकी ने समाज के बुजुर्गो जो दुनिया से रुखसत हो चुके हैं उनके लिए कौम की सलामती और देश की उन्नति तरक्की के लिए दुआ कराई । बाद दुआ के सैफी डे की मुबारकबाद एक दूसरे को दी गई। सैफी सोसायटी के अध्यक्ष एमङ्क केङ्क भारती सैफी ने कहा कि छह अप्रैल सन 1975 को अमरोहा जनपद में हजारों सैफी समाज के लोगों के महासम्मेलन में ही सैफी सरनेम का मुरादाबाद शहर के मौलाना अकरम नईमी की सरपरस्ती में नामकरण किया गया था। सैफी सोयायटी के संरक्षक बाबू ठेकेदार ने कहा कि सैफी का मतलब तलवार बनाने वाला होता है.सैफी समाज के लोग मेहनतकश होते हैं. जो सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण करने में अपना योगदान देते हैं, किन्तु सरकारो की ओर से इस समाज की बुनियादी समस्याओं पर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस सैफी. डे के मौके पर सैफी समाज के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और देश में अमन शान्ति की दुआ की गई। इस मौके पर हाजी बाबू ठेकेदार सैफी, एम.के.भारती सैफी, यामीन सैफी, नदीम सैफी, बुद्धा सैफी,मौअज्जम सैफी, फिरासत हुसैन सैफी, मौहम्मद अरहान सैफी आदि लोग मौजूद रहे।



## गुरु का सम्मान सर्वोपरि

## उन्हें गर्व है कि उनके स्कूल की छात्रा ने पूरे उत्तर प्रदेश में 16वीं रैंक प्राप्त कर स्कूल और जनपद का नाम रोशन किया है

# यूपीपीसीएस में 16वीं रैंक लाने वाली गरिमा शर्मा का स्कूल में भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** यूपीपीसीएस परीक्षा में 16वीं रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन करने वाली गरिमा शर्मा का उनके पूर्व विद्यालय डिवाइन मॉडर्न अकादमी, ईदगाह रोड, बुलंदशहर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा गरिमा शर्मा एवं उनके माता-पिता का पुष्प वर्षा, गुलदस्ता, शॉल तथा मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गरिमा शर्मा ने कहा कि उन्होंने नर्सरी से कक्षा 8 तक की शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की है और आज उसी स्कूल में सम्मानित होना उनके लिए गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने विद्यालय के अध्यक्ष चौधरी श्यौपाल सिंह को पिता समान बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा उन्हें स्नेह और प्रोत्साहन दिया। गरिमा ने कहा कि गुरु का सम्मान सर्वोपरि है। पहला गुरु माता, दूसरा पिता और तीसरा शिक्षक होता है। यही तीनों मिलकर व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उन्होंने अपने माता-पिता को अच्छे संस्कार देने और विद्यालय की शिक्षिकाओं को समर्पण व लक्ष्य के प्रति ईमानदारी सिखाने का श्रेय दिया। गरिमा शर्मा के पिता मनोज शर्मा एवं माता रश्मि शर्मा ने विद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डिवाइन मॉडर्न अकादमी ने उनकी बेटी की शिक्षा की मजबूत नींव रखी, जिससे वह आज इस मुकाम तक पहुंची है। विद्यालय के चेयरमैन चौधरी श्यौपाल सिंह ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके स्कूल की छात्रा ने पूरे उत्तर प्रदेश में 16वीं रैंक प्राप्त कर स्कूल और जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने गरिमा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे चलकर आईएएस बनने के लिए शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजवीर शर्मा ने की। उन्होंने गरिमा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह अहंकार से दूर रहकर पूरी ईमानदारी के साथ जनता को न्याय दें और अपने पद की गरिमा बनाए रखें।

इस अवसर पर स्वामी परमदेव, चौधरी करणवीर सिंह, इंद्रपाल सिंह एडवोकेट, गजेंद्र सिंह, अरमान चंदेल, शिव शंकर माथुर, आसिफ, अजय सिरोही, ध्रुव शर्मा, धर्मेंद्र सिरोही सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय की शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# पवांसा में रोडवेज बस के कंडक्टर के साथ दो युवकों द्वारा की मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** पवांसा में रोडवेज बस के कंडक्टर के साथ दो युवकों द्वारा मारपीट किए जाने से यात्रियों में दहशत फैल गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि घायल कंडक्टर को यात्रियों ने संभाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली से बदायूं लौट रही रोडवेज बस में सोमवार शाम टिकट को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गजरौला से सवार हुए दो युवकों ने पवांसा पहुंचने पर बस के कंडक्टर से मारपीट कर दी, जिससे बस में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार बदायूं डिपो की रोडवेज बस (संख्या यूपी 78 जेएन 9534) सुबह बदायूं से दिल्ली जाती है और शाम को वापस लौटती है। सोमवार को लौटते समय गजरौला से दो युवक बस में सवार हुए और पवांसा तक का टिकट लिया। शाम करीब पांच बजे जब बस पवांसा कस्बे में संतोषी माता मंदिर के सामने रुकी, तो कंडक्टर सुधीर कुमार ने युवकों से उतरने को कहा। इस पर दोनों युवक अगले गांव अतरासी तक जाने की जिद करने लगे। कंडक्टर ने बताया कि बस का वहां स्टॉपेज नहीं है, इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया।

# नामित सदस्यों ने ली शपथ,विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर सोमवार को पालिका के अस्थायी कार्यालय गांधी पार्क में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल व सभासदों की उपस्थिति रही।





एसडीएम आशुतोष तिवारी ने नवनियुक्त नामित सदस्यों संजय बंसल, रिंकू दिवाकर, उमा श्रीवास्तव, विक्की प्रजापति व बाबूलाल सेन को शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त सदस्य आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नगर के विकास कार्यों को गति दें और सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही इस मौके पर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि सभी नामित सदस्यों से अपेक्षा है कि वे नगर के विकास के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव देकर चंदौसी को और बेहतर बनाने में सहयोग करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों व नामित सदस्यों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में सभासद तरुण कुमार नीरज, नवकांत देव शर्मा, अमित दिवाकर, अमन कोरी, दयाराम कनौजिया, रियाज अहमद, निशांत शर्मा, किशन प्रजापति, विनोद कुमार बिन्नी, सुधीर मल्होत्रा, अरविंद गुप्ता, देवेंद्र मोनू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## घटना के बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी,भारी पुलिस बल तैनात

# रास्ते के विवाद में खूनी संघर्ष, चार लोग घायल, एक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सोमवार 6अप्रैल को थाना नखासा क्षेत्र के भारतल सिरसी गांव में लंबे समय से चल रहा रास्ते का विवाद रविवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका उपचार जारी है।







जानकारी के अनुसार,गांव निवासी बाबूराम (पुत्र मान सिंह) का अपने पड़ोसियों से गली के रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था।आरोप है कि रविवार को दूसरे पक्ष के लोग जबरन उसी रास्ते से वाहन निकालने का प्रयास कर रहे थे। बाबूराम द्वारा विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई,जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि कासिम, मेहरबान और उनके साथियों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया।इस हमले में बाबूराम के साथ उनके बेटे विकास,विक्की और बेटी निशा भी घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों के मुताबिक,दोनों पक्षों के बीच यह विवाद पहले भी कई बार हो चुका है और पुलिस द्वारा समझौते के प्रयास भी किए गए थे,लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल सका।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल और आरआरएफ तैनात कर दी गई है। सोमवार सुबह पुलिस क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप सिंह और थाना प्रभारी नखासा संजीव बालियान के साथ घटनास्थल का मुआयना कर पीड़ित परिवार को कार्रवाई का भरोसा दिया।पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात नामजद और 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी मोहम्मद उवैश को गिरफ्तार कर लिया है,जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# डीजे की तेज आवाज पर रोक लगाने की मांग, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर से मुलाकात कर डीजे की तेज आवाज पर रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि चंदौसी धार्मिक नगरी है, जहां अक्सर शोभायात्राएं और जुलूस निकलते हैं, जिनमें डीजे का अत्यधिक प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शादी समारोहों में भी बैंड-बाजे के स्थान पर डीजे का चलन बढ़ गया है। डीजे संचालकों के बीच प्रतिस्पर्धा के चलते तेज बेस बजाने से बाजारों में दुकानों का सामान गिर जाता है, जिससे व्यापारियों को नुकसान होता है। साथ ही बुजुर्गों व हृदय रोगियों के लिए यह खतरनाक साबित हो रहा है।




व्यापार मंडल ने मांग की कि डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिए जाएं और जुलूस या शोभायात्रा की अनुमति से पहले उनसे शपथ पत्र लिया जाए। नियमों का उल्लंघन करने पर जुमार्ना लगाने की भी मांग की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, उमेश चंद वार्ष्णेय, शाह आलम मंसूरी, सुशील अग्रवाल, रमेश ग्रेवाल, विपुल महाजन सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# एसएसआई की मुस्तैदी से मिला बिछड़ा मासूम,परिजनों को सकुशल सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** दिल्ली के लोनी निवासी एक आठ वर्षीय बालक शादी समारोह में भटककर अपने परिजनों से बिछड़ गया। सोमवार सुबह करीब 12:30 बजे राहगीरों ने बच्चे को रोता देख उसे कोतवाली पहुंचाया, जहां पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित रखा और परिजनों से मिलवा दिया।

बताया गया कि बालक अपनी मां के साथ कुरेशियान, सीकरी गेट चौकी क्षेत्र में एक शादी समारोह में आया था। किसी कारणवश वह समारोह से बाहर निकल गया और रास्ता भटक गया। कोतवाली में तैनात एसएसआई गिरीश गंगवार ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए बच्चे से जानकारी ली। बच्चे ने अपना नाम रेहान और निवास दिल्ली बताया। इसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस की सूझबूझ से जल्द ही बच्चे के परिजनों का पता चल गया। सूचना पर उसके नाना सुल्तान व दादी



नजमा कोतवाली पहुंचे, जहां आवश्यक पुष्टि के बाद बच्चे को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर जागरूकता शिविर, बच्चों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,अमरोहा के तत्वाधान में जिला जज / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा विवेक के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा सचिव/न्यायाधीश अभिषेक कुमार व्यास के निर्देशन में "शिक्षा का अधिकार अधिनियम एक कदम आगे"विषय पर एक विस्तृत जागरूकता शिविर का आयोजन सुशीला देवी किसान इंटर कॉलेज,डिडौली (तहसील अमरोहा) में किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों सहित लगभग पचास छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वक्ताओं ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम की मूल भावना पर प्रकाश डाला और बताया कि 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार है। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी बच्चे को आर्थिक या सामाजिक कारणों से शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता।पीएलवी लोकमान सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देने का सबसे सशक्त साधन है। प्रत्येक अभिभावक और



समाज का कर्तव्य है कि वे बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें और उन्हें विद्यालय अवश्य भेजें।"पी एल वी प्रवीण कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि "आप सभी देश का भविष्य हैं। शिक्षा के माध्यम से ही आप अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। यदि किसी को पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वह निसंकोच विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकता है।"पी एल वी प्रीति ने छात्राओं को विशेष रूप से जागरूक करते हुए कहा कि "लड़कियों की शिक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी लड़कों की, आज के समय में हर बेटी को आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षित होना आवश्यक है। शिक्षा से ही आत्मविश्वास और सशक्तिकरण आता है।"पी एल वी प्रथम सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि "सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ तभी मिल सकता है जब हम उनके प्रति जागरूक हों। शिक्षा का अधिकार अधिनियम एक ऐसा सशक्त कानून है, जो हर बच्चे को समान अवसर प्रदान करता है।"पी एल वी राजेंद्र सिंह ने कहा कि "यदि किसी बच्चे को स्कूल में प्रवेश लेने में किसी प्रकार की बाधा आती है या उससे शुल्क की मांग की जाती है, तो वह इसकी शिकायत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कर सकता है, जहां उसे निःशुल्क सहायता प्रदान की जाएगी।"कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी उत्सुकता के साथ प्रश्न पूछे, जिसका पी एल वी सदस्यों द्वारा सरल भाषा में समाधान किया गया। शिविर के अंत में सभी प्रतिभागियों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और अपने आसपास के बच्चों को भी पढ़ाई के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

# व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने नवागत पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव सौंपे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने नवागत पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव सौंपे। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के प्रदेश अध्यक्ष अनिल जैन व प्रदेश संयोजक,जिला अध्यक्ष खत्री मनोज टंडन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जनपद अमरोहा के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव से शिष्टाचार भेट की तथा अमरोहा आगमन पर अभिनंदन पत्र देकर स्वागत किया।इस दौरान व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 ने अमरोहा नगर की मुख्य समस्याओं से नवागत पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया

जिस में मुख्य चौराहों तथा बाजारों असामाजिक तत्वों का प्रभाव अधिक हो रहा है मुख्य स्थानों पर 24 घंटे लेपर्ड की व्यवस्था की जाए, मनचलों तथा शोहदों पर लगाम के लिए छुट्टी के समय एंटी रोमियो टीम की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। व्यापारियों की व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस की प्रक्रिया में तेजी लाकर बनवाए जाएं, डग्गामार वाहनों पर लगाम लगाई जाए,मच्छहठा पुलिस चौकी इंचार्ज की सुस्त कार्यशैली के कारण उनको हटाकर अन्य निरीक्षक की तैनाती की जाए, अमरोहा नगर की कानून व्यवस्था बिलकुल निष्क्रिय है जिससे दबंग प्रवृत्ति के लोगों का प्रकोप बढ़ रहा है जिससे आए दिन बाजार में दुकानदारों एवं आमजन से मारपीट की घटनाएं आम है उनके संज्ञान में लिया जाए।पुलिस अधीक्षक अमरोहा ने व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझाव




को गंभीरतापूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि उपरोक्त मुद्दों पर जल्द ही समुचित कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर सय्यद कमर नकवी ,समीर खान, मोहम्मद फहीम ठेकेदार नरेंद्र सिंह, राकेश वर्मा ,सुनीत गुप्ता,विकास चौधरी ,रणवीर सिंह ,हरीश अरोड़ा मोहम्मद नदीम, गुड्डू फैशन, सोनू मेंबर, राजीव शुक्ला एडवोकेट ,मोहम्मद आलम, फजले चौधरी ,सऊद अली, सुभाष शर्मा,विक्की शर्मा, मनु शर्मा एडवोकेट नितिन राजपूत, साजिद सैफी ,शाह आलम ,तौसीफ आलम गुड्डू ,नदीम ,परवेज मोहम्मद सलीम, इमरान खान,शशि प्रकाश दाऊद मीडियाआदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान तेज, घर-घर पहुंचकर महिलाओं को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/सम्भल (मयंक सक्सेना)।** मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियो टीमों ने सोमवार को विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में चलाए गए अभियान में चौपाल आयोजित कर महिलाओं की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर व सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित किया गया।



अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने पंपलेट वितरित कर वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपात सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102 व साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

# शादी समारोह में छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक को पीटा, नकदी व मोबाइल छीना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी ।** थाना चन्दौसी क्षेत्र के एक मोहल्ले में शादी समारोह के दौरान नाबालिग से छेड़छाड़ का



विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया और नकदी व मोबाइल भी छीन लिया।

पीड़ित के अनुसार 5 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे वह अपनी बहन के साथ एक शादी समारोह में गया था। आरोप है कि वहां मौजूद कुछ

युवको द्वारा उसकी नाबालिक बहन से छेड़छाड़ की गई। बहन की सूचना पर जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे घेरकर लात-घूंसों से जमकर पीटा। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसकी नाक पर गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे वह लहूलुहान हो गया। साथ ही उसका मोबाइल फोन और करीब 16 हजार रुपये भी छीन लिए। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित ने थाना चन्दौसी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नगरपालिका में नामित सदस्यों को उपजिलाधिकारी ने दिलाई शपथ,नगरपालिका अध्यक्ष रहे मौजूद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** नगरपालिका में नामित सदस्यों को दिलाई गई शपथ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर पालिका परिषद में किए गए 5 नामित सदस्यों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह बहजोई नगर पालिका में उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने दिलाई शपथ। उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी रही मुख्य अतिथि। राजेश शंकर राजू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने राज्यमंत्री गुलाब देवी एवं सभी नामित सदस्यों का फूल माला पहनकर स्वागत किया नामित सदस्यों में नीरज कुमार गोपी मिल, कपिल गोयल,मंजू वाल्मीकि, अमर सिंह राठौड़, अक्षय शर्मा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नीतू रानी एवं नगर पालिका के सभासद के साथ नगर के गणमन व्यक्ति कन्हैयालाल मनोज कार सेवक,जितेंद्र गोयल,



सुमित डीआर, भुवनेश कुमार शरद, अनुज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## अधिकारी बे खबर

## मौत का दूसरा नाम ओवर लोड वाहन, वेखोफ दौड रहे सड़कों पर

# नियमों की धज्जियां उड़ाते वाहन चालक

बुलन्द संदेश संवाददाता

**बहजोई (मुईनुद्दीन हसन)।** सोमवार 6अप्रैल आज कल जनपद वह सब देखने को मिल रहा है जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी ,अव छोडा हाथी छोटा नही जनपद संभल में वह बडा हो गया है, तस्वीरें साफ बयां कर रही है यहां की हकीकत। यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद डग्गामार वाहन चालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। थाना नखासा क्षेत्र के सम्भल-हसनपुर रोड पर एक ऐसा ही खतरनाक नजारा सामने आया,जहां एक छोटा हाथी वाहन में क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भरकर खुलेआम दौड़ता नजर आया।

सोमवार को प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन में इतनी भीड़ थी कि कई लोग दरवाजों और पीछे



लटककर सफर करने को मजबूर थे। यह स्थिति न सिर्फ यातायात नियमों की खुलेआम अवहेलना है, बल्कि किसी बड़े हादसे को भी दावत दे रही है। हैरानी की बात यह है कि ऐसे वाहन अक्सर मुख्य मार्गों पर बेरोकटोक चलते देखे जाते हैं,लेकिन इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नजर नहीं आती। स्थानीय लोगों का कहना है कि डग्गामार वाहन चालक ज्यादा कमाई के लालच में लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं।वहीं,यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर चेकिंग

**विशेषज्ञों का मानना है कि ओवरलोडिंग सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि इस तरह के वाहनों पर सख्त कार्रवाई कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करे**

अभियान चलाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ओवरलोडिंग सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि इस तरह के वाहनों पर सख्त कार्रवाई कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, फिलहाल,सम्भल हसनपुर मार्ग पर दौड़ता यह छोटा हाथी कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकता है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान, प्रतिमा पर माल्यार्पण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चंदौसी ने सोमवार को पार्टी के स्थापना दिवस पर स्टेशन रोड स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाकर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस राष्ट्र सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प का प्रतीक है। 1980 में स्थापित भाजपा ने राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास के सिद्धांतों को हमेशा प्राथमिकता दी है और ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के मंत्र के साथ देश को नई दिशा दी है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, जिला महामंत्री मनोज कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष सुधीर मल्होत्रा, जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन, नगर महामंत्री तरुण कुमार, नीरज, चन्द्रसेन दिवाकर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू यूनिक ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर। (इनामुल हक)।** भारतीय किसान यूनियन यूनिक ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील पहुंच एसडीएम को मुख्यमंत्री व डीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने जल्द मांग पूरी किये जाने की मांग की।

**भारी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को बर्बाद हुई फसलों का जल्द मुआवजा दिलाया जाये आदि मांगों को लेकर यूनियन ने एक ज्ञापन एसडीएम दुर्गेश सिंह को डीएम व मुख्यमंत्री के नाम दिया गया**

यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह व राष्ट्रीय महासचिव संजीव शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील परिसर में पहुंचे। संजीव शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय किसानों के गेहूं खरीद के लिए सरकारी कांटा न शुरू होने से किसान काफी परेशान है, इसको जल्द शुरू किया जाये। भारी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को बर्बाद हुई फसलों का जल्द मुआवजा दिलाया जाये आदि मांगों को लेकर यूनियन ने एक ज्ञापन एसडीएम दुर्गेश सिंह को डीएम व मुख्यमंत्री के नाम दिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सलाहकार मास्टर धर्म सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवाब कुरैशी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नाथी प्रधान, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल शर्मा, संजय शर्मा, मोनू वर्मा, मोनू बघेल, सुभाष प्रधान, रोहतास फौजी, हरिओम भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 2026 में प्रतिभा, प्रबंधन और रचनात्मकता का संगम – सुभारती विश्वविद्यालय में छात्रों ने बिखेरा हुनर का जादू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में बहुप्रतीक्षित प्रबंधन महोत्सव मंथन 2026 का भव्य एवं सफल आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में लगभग 150 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और प्रबंधकीय दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि मंथन जैसे आयोजन विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। वहीं विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि इस प्रकार के महोत्सव विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मंथनः 2026 ने विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया है, जो उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

कार्यवाहक अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) पद्मा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रेरणादायी उद्बोधन दिया, जबकि शैक्षणिक समन्वयक प्रो. (डॉ.) प्रभात कुमार की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. गौरव कुमार शर्मा ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों पर आधारित एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिससे बाहरी संस्थानों से आए प्रतिभागियों को शैक्षणिक विविधताओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। महोत्सव के अंतर्गत कुल 9 रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें



मैनेजमेंट क्विज, एड-मैड शो, लोगो रीडिजाइन, बिंगो, डिजाइनर कट (न्यूजपेपर ड्रेस), गेस-ओ-मेनिया (तोल मोल के बोल), स्टाइल सिनर्जी (फैशन शो), सेल-फाई (एड-सेल्फी) और डांस दिवा (सोलो डांस) प्रमुख रहीं। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस महोत्सव की समग्र संयोजक डॉ. डॉली वैश, एसोसिएट प्रोफेसर, एफओएमसी रहीं, जिनके कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन डॉ. निशा सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, द्वारा किया गया।

आयोजन की सफलता में डॉ. सारिका, डॉ. श्रेया पंवार, डॉ. प्रीति, डॉ. राखी, सुश्री अमिता, सुश्री कीर्ति नायर, श्री आशीष पंत, श्री उमंग वर्मा, श्री आयुष चौहान एवं डॉ. शांतम बब्बर सहित सभी संकाय सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही तथागत, जूही, पवन, जीवांश, रितेश, प्रिंस, गुलशन, प्रगति एवं रौनक सहित विद्यार्थियों ने आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई। मंथनः 2026 न केवल विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच सिद्ध हुआ, बल्कि इसने उनके आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी सुदृढ़ किया। यह महोत्सव सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

# माता रानी के दर्शन के नाम पर टप्पेबाजी, तीन अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरिया (पीलीभीत)।** पुलिस ने टप्पे बाजी कर महिला से कुंडल लेने की घटना में शामिल तीन अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।आरोपियों के पास से अवैध तमंचे, कारतूस, कुंडल, नकदी व अन्य सामान बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना अमरिया क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी मालती देवी ने 7 मार्च को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि कुछ अज्ञात लोगों ने माता रानी के दर्शन कराने के बहाने उसे झांसे में लेकर टप्पेबाजी कर उसके कुंडल ठग लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुडलिया गौसू चौकी के पास बरेली-हरिद्वार हाईवे से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इरफान (निवासी ठाणे, महाराष्ट्र/हाल निवासी गदरपुर), समीर (निवासी बनभूलपुरा, हल्द्वानी) और जलालुद्दीन लाहौरी (निवासी गूलरबोझ, गदरपुर) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, दो जोड़ी पीली धातु के कुंडल व 1660 रुपये नकद बरामद किए है।

**महिला से कुंडल ठगने वाली गैंग का खुलासा, अवैध तमंचे समेत माल भी बरामद**




पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हिमांशु, जगदीप मलिक, संजीव कुमार, महिला उपनिरीक्षक अन्नू रानी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से अनाथ बच्चों को मिल रहा सहारा,शिक्षा से विवाह तक सरकार का सहयोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पीलीभीत।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उ०प्र० मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत अनाथ एवं निराश्रित बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा एवं भविष्य को संवारने के लिए निरंतर आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। सूचना विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए वर्ष 2021-22 में यह योजना शुरू की गई थी।योजना के तहत पात्र बच्चों को प्रतिमाह 4000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। साथ ही 11 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। इसके अलावा कक्षा 9 या उससे ऊपर पढ़ रहे अथवा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को टैबलेट और लैपटॉप की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत

**कोविड प्रभावित व निराश्रित बच्चों के लिए प्रदेश सरकार की बड़ी पहल**

बालिकाओं के विवाह हेतु 1,01,000 की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक कुल 16,061 बच्चों को इस योजना का लाभ मिल चुका है, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 14,214 बच्चों को 4000 प्रतिमाह की सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक 1003 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए जा चुके हैं।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत ऐसे बच्चों को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने 1 मार्च 2020 के बाद किसी अन्य कारण से अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है। इन बच्चों को 2500 प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है। 18 से 23 वर्ष के ऐसे युवा, जो कक्षा 12 के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।नीट, जेईई व क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु तक या स्नातक/डिप्लोमा पूरा होने तक योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत अब तक 1,03,430 बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 87,082 बच्चों को 2500 प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है।

# बेसिक मान्यता की आड़ में चल रही अवैध कक्षाएं,अब शिक्षा विभाग करेगा सख्त कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** जिले में बेसिक शिक्षा की मान्यता पर माध्यमिक स्तर की कक्षाएं संचालित करने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने सख्ती की तैयारी शुरू कर दी है। नए शैक्षिक सत्र में बिना मान्यता के कक्षाएं चलाने वाले स्कूलों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी। विभागीय नियमों के तहत ऐसे स्कूलों पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाएगा, वहीं संचालन जारी रखने पर प्रतिदिन 10 हजार रुपये का अतिरिक्त जुमार्ना और संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।शिक्षा विभाग के अनुसार बिना मान्यता के स्कूल संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। खासतौर पर पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के जोगराजपुर, घुंघचाई, माधोटांडा, कलीनगर और सेहरामऊ उत्तरी इलाकों में बेसिक मान्यता प्राप्त स्कूलों में नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाएं संचालित किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।बताया जा रहा हैकि जिन स्कूलों को केवल कक्षा एक से पांच या एक से आठ तक की मान्यता प्राप्त है, वे नियमों के विपरीत माध्यमिक कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं।

**अवैध कक्षाओं पर कड़ा शिकंजाः 1 लाख जुमार्ना और मुकदमे की तैयारी, संचालकों में हड़कंप**

इससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि छात्रों का भविष्य भी दांव पर लग रहा है।विभाग को इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही हैं, लेकिन अब तक की कार्रवाई केवल नोटिस जारी करने तक सीमित रही है। आरोप यह भी है कि कुछ मामलों में स्थानीय स्तर पर मिलीभगत के चलते अवैध कक्षाओं का संचालन जारी रहता है। यहां तक कि छापेमारी की सूचना भी पहले ही स्कूल संचालकों तक पहुंचा दी जाती है।अब विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस बार अभियान चलाकर ऐसे स्कूलों पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर टीमों का गठन कर जल्द ही औचक निरीक्षण शुरू किया जाएगा, जिससे अवैध रूप से संचालित कक्षाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।शिक्षा विभाग की इस सख्ती से अवैध रूप से स्कूल चला रहे संचालकों में हड़कंप मच गया है। वहीं अभिभावकों ने भी उम्मीद जताई है कि इस कार्रवाई से बच्चों को बेहतर और मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई का अवसर मिलेगा।

# सय्यद मेराज मियां की सरपरस्ती मे मनाया गया जिलानी बाबा का उर्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दानिश अली)।** आशिके मखदूम साबिर पाक, फिदाए औलिया हुजूर बाबा गुलाम जिलानी साबरी रह0 का सालाना उर्स मुबारक परम्परागत रस्मों के साथ सम्पन्न हो गया। सम्भल से बड़ी संख्या मे अकीदतमन्द कलियर शरीफ हुजूर बाबा गुलाम जिलानी साबरी रह0 का सालाना उर्स मनाने के लिए जबकि यहां उत्तराखण्ड, पानीपत, हल्द्वानी, मुरादाबाद और पंजाब व दिल्ली के जाय़रीन ने भी शिरकत करते हुए उर्स को भव्य बनाया। अमन शांति और भाईचारे के लिए दुआ की गई। दरगाह शाह विलायत हजरत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्की पानीपति के सज्जादानशींन व अंजुमन गुलामाने चिश्तीया साबरिया वैलफेयर सोसायटी के चैयरमेन हाजी ख्वाजा सैयद मेराज हुसैन साबरी ने कुल शरीफ मे मुल्क अमन शांति एवं भाईचारे को दुआ कराई और सूफीवाद का पैगाम दिया। मेराज मियां की सरपरस्ती मे परम्परागत उर्स पुर सुकून माहौल मे एकता और भाईचारे के पैगाम के साथ सम्पन्न हो गया। नामचीन कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। कुल के बाद सभी को तबर्रूक बांटा गया और लंगर का आयोजन हुआ। इस मौके पर हज कमेटी उत्तराखण्ड के पूर्व चैयरमेन हाजी राव शेर मौहम्मद, वक्फ बोर्ड उत्तराखण्ड के पूर्व चैयरमेन राव काले खां, संजय बाबा, सूफी इसरार साबरी, सलीम उदयपुर, बाबा मेक्षी शाह, हाजी इश्तियाक, इस्तेकार अमन साबरी, शराफत हुसैन, ख्वाजा हसनैन, शान साबरी, तस्लीम साबरी, धर्मेन्द्र, सौहराब साबरी, नितिन पहलवान, आदि मौजूद रहे। सम्भल से पहुंचने वालों मे इंतेजार हुसैन, बाबर खान साबरी, फरजन्द अली वारसी, मौ0 वसीम, साबिर हुसैन, फाजिल, मौ0 काशिफ, असद, मास्टर रूकील अहमद आदि मौजूद रहे।

**सकुशल उर्स मनाकर लौटे सम्भल समेत कई जिलो के जायरीन**



# एनपीसीएल के तानाशाही रवैये के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (बलराज) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी के आव्हान पर संगठन के कार्यकताओं ने एनपीसीएल के तानाशाही रवैये के खिलाफ जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जोगेंद्र नागर उर्फ खिजजू पहलवान के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं महासचिव विपिन खारी ने कहा कि एनपीसीएल ने गौतमबुद्धनगर के निवासियों के साथ खुली लूट मचा रखी है। नए विद्युत कनेक्शन के नाम पर ?25,000 तक वसूली की जा रही है, और दूरी बढ़ने पर ?70 प्रति वर्ग फीट के हिसाब से अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है। साथ ही मीटर रीडिंग और बिलिंग में गड़बड़ी के कारण उपभोक्ताओं को अनियमित बिल प्राप्त हो रहे हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ0 शौकत अली चेची ने कहा कि एनपीसीएल का तानाशाही रवैया बिजली उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है। कंपनी ने अपने चार जोनों में बिजली यूनिट चार्ज बांटकर भारी वसूली की है और अपने नियम लागू करने के लिए फाइव स्टार जैसे बड़े ऑफिस बना रखे हैं। कई उपभोक्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और वसूली 8 गुना तक बढ़ा दी गई है।

उत्तर प्रदेश अध्यक्ष योगेश वैष्णव ने चेतावनी दी कि नए या शिफ्टिंग कनेक्शन के लिए अनाप-शनाप चार्ज वसूली भारतीय किसान यूनियन (बलराज) संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं का अपमान करना, गुमराह करना, बिना सूचना कनेक्शन काटना और अधिनियम 2003 धारा 47(5) का उल्लंघन करना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इन समस्याओं का समाधान जल्द



नहीं किया गया तो राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी के निदेर्शानुसार 20 अप्रैल 2026 को सुबह 10:00 बजे से नॉलेज पार्क फर्स्ट ग्राम-हल्दोना-तुगलपुर, एनपीसीएल ऑफिस के सामने हजारों की संख्या में शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष जोगेंद्र पहलवान ने कहा कि जब तक सभी जायज मांगों का लिखित समाधान एनपीसीएल की ओर से नहीं दिया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरने के दौरान किसी भी अनहोनी की जिम्मेदारी एनपीसीएल और शासन प्रशासन पर होगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः विपिन खारी, चौ0 शौकत अली चेची, योगेश वैष्णव, अमरीश भाटी, सोनू खारी, राहुल भाटी, ब्रजेश भाटी, प्रवीण चौहान, योगेंद्र भाटी, ब्रह्मचंद बैरागी, संदीप भाटी, जोगेंद्र पहलवान, अभय चौहान, सुरेश बैरागी, ओमवीर भाटी, जीतराम भाटी, प्रवीण कौशिक, सुरेंद्र भाटी, श्यामवीर बैसोया, राजेंद्र भाटी, विजेंद्र भाटी, सुमित भाटी।

# ग्राम पंचायत चुनाव टलने की अटकलें तेज,प्रत्याशियों की बढ़ी बेचैनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पीलीभीत।** जिले में प्रस्तावित ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों के बीच अब चुनाव टलने की चचाओं ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। बताया जा रहा है कि पंचायत चुनाव अब आगामी विधानसभा चुनाव के बाद कराए जा सकते हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इस खबर से संभावित प्रत्याशियों और ग्रामीण क्षेत्रों में हलचल तेज हो गई है। कुछ संभावित प्रत्याशियों का कहना है कि वे लंबे समय से चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं। प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क और अन्य गतिविधियों में काफी खर्च भी हो चुका है। ऐसे में यदि चुनाव आगे बढ़ता है, तो उन्हें आर्थिक और मानसिक दोनों तरह का दबाव झेलना पड़ेगा। साथ ही लंबे समय तक सक्रियता बनाए रखना भी उनके लिए चुनौती बन सकता है।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव के बाद होते हैं, तो इसका सीधा असर स्थानीय राजनीतिक समीकरणों पर पड़ेगा। विधानसभा चुनाव के परिणामों के आधार पर पंचायत चुनाव में मुद्दे और रणनीतियां बदल सकती हैं। इससे कई नए चेहरे भी उभरकर सामने आ सकते हैं, जबकि वर्तमान में सक्रिय कई प्रत्याशियों की स्थिति कमजोर भी हो सकती है। ग्रामीण मतदाताओं के बीच भी इसको लेकर चर्चा का माहौल है। कुछ लोग मानते हैं कि चुनाव टलने से विकास कार्यों पर असर पड़ सकता है, जबकि कुछ इसे प्रशासनिक तैयारी के लिए जरूरी कदम मान रहे हैं। उधर, जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें अभी तक पंचायत चुनाव टलने को लेकर कोई आधिकारिक निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। शासन स्तर से जो भी दिशा-निर्देश मिलेंगे, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पंचायत चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जिससे पीलीभीत जिले में राजनीतिक गतिविधियां धीमी जरूर पड़ी हैं, लेकिन संभावित प्रत्याशियों की नजर अब आगामी निर्णय पर टिकी हुई है।

**बैठक** | 2027 की तैयारी शुरू! पीलीभीत में सपा ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का लिया संकल्प

# सपा की बड़ी बैठकः दलित-बुजुर्ग वोट बैंक साधने के लिए घर-घर अभियान का ऐलान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पीलीभीत।** सोमवार को नकटादाना स्थित केजीएन- 2 समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय पर समाजवादी पार्टी की एक महत्वपूर्ण मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की, जबकि संचालन शहर पीलीभीत विधानसभा अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी द्वारा किया गया। इस दौरान जिले भर के प्रमुख पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।बैठक में जनपद पीलीभीत की चारों विधानसभाओं बीसलपुर, पूरनपुर, बरखेड़ा और सदर पीलीभीत के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। खासतौर पर बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया, ताकि आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत आधार मिल सके।नेताओं ने बहुजन और दलित समाज के मतदाताओं को समाजवादी विचारधारा से जोड़ने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया। कार्यकताओं को निर्देश दिए गए कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों




और विचारों को आम जनता तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें।बैठक के दौरान बूथ और सेक्टर स्तर की गहन समीक्षा भी की गई, जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की सक्रियता, स्थिति और कमियों पर चर्चा कर उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार की गई। साथ ही आगामी शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाता पंजीकरण बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।इसके अतिरिक्त, डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिले की सभी विधान सभाओं में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता, समानता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की योजना बनाई गई।बैठक में पकड़िया नौगांवां और बरखेड़ा के नगराध्यक्षों की घोषणा भी की गई। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनावों में पार्टी को विजय दिलाने का आह्वान किया।इस अवसर पर नफीस अहमद अंसारी, नरेंद्र मिश्रा, दिव्या पी गंगवार, राजकुमार राजू, अमित पाठक, संजय सिंह यादव, विनोद वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पश्चिमी जिला द्वारा भाजपा का 47 वा स्थापना दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली** ।पश्चिमी जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का 47 वा स्थापना दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने पश्चिमी जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बक्शी के साथ भाजपा का झंडा फहराया और सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर वरिष्ठ एवं बुजुर्ग भाजपा नेता ओपी बब्बर भी मोजूद रहे और जिला कार्यालय द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया इस अवसर पर पश्चिमी जिला कार्यालय में लड्डू बांट कर खुशी का इजहार किया गया पश्चिमी जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बक्शी ने बताया कि भाजपा पार्टी एक समर्पित कार्यकर्ताओ की पार्टी है जिसका उद्देश्य देश एवं समाज कल्याण की भावना सभी में उत्पन्न करना है इस अवसर पर वरिष्ठ एवं बुजुर्ग भाजपा नेता ओपी बब्बर ने अपने अंदाज में स्मरण सुना कर सभी को जागृत किया और बताया की भाजपा पार्टी कुर्बानी दे कर देश को सुरक्षित रखने वाले लोगों की पार्टी है।

इस अवसर पर पश्चिमी जिला कार्यालय में लाईटिंग कर के रोशनी भी की गई और बहुत सुंदर ढंग से फूलो से सजावट भी की गई इस अवसर पर पश्चिमी जिला महामंत्री कुनाल साहनी, संतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह सोनू, कर्नल ओबरॉय,सहित वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण डंग भी मोजूद रहे इस अवसर पर महिला मोर्चा युवा मोर्चा एवं सभी मंडलों के अध्यक्ष अपनी टीम के साथ मोजूद रहे सभी जिला पदाधिकारी भी मौजूद थे व्यवस्था एवं साज-सज्जा की जिम्मेदारी जिला मंत्री अमित कोहली द्वारा की गई।

# दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह व एसडीएम सहित अन्य नेताओं ने दिखाई हरी झंडी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** आँवला विकासखंड मझगवां के ग्राम हाफिजगंज में शनिवार को महाराणा प्रताप विशाल दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने खराब सड़कों और विषम परिस्थितियों के बावजूद अपने जोश और जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह एवं उपजिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

प्रतियोगिता के दौरान हाफिजगंज की जर्जर सड़कों पर दौड़ते योवकों का उत्साह देखने लायक था। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि युवाओं में अनुशासन और संघर्ष की भावना भी विकसित होती है ।



200 मीटरः मौजिस खान (प्रथम), विवेक चौहान (द्वितीय), प्रियांशु (तृतीय) 400 मीटरः मोहम्मद जैश (प्रथम), मोहम्मद जुनैद खान (द्वितीय), सौरभ कृष्णा (तृतीय)800 मीटरः विवेक चौहान (प्रथम), महेश (द्वितीय), सचिन (तृतीय)1600 मीटरः सुनील राजपूत (प्रथम), दिनेश मौर्य (द्वितीय), कृष्णा (तृतीय)

जूनियर वर्ग400 मीटरः शिवकुमार (प्रथम) सचिन (द्वितीय), गोलू यादव (तृतीय)800 मीटरः अनिकेत लोधी (प्रथम) शिवकुमार (द्वितीय) सेवा (तृतीय)इस प्रतियोगिता में आंवला बिशारतगंज जलालनगर बीबनी, भजनई, गुलड़िया, हाफिजगंज अनिरुद्धपुर सहित कई गांवों के योवकों ने भाग लिया ग्रामीणों ने प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद यहां के युवाओं में अपार क्षमता है। उन्होंने क्षेत्र में खेल स्टेडियम बनाए जाने की मांग भी उठाई।कार्यक्रम में जीराज यादव पीयूष वर्मा कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह यादव विश्वास लोधी, सुनील कुमार लोधी कश्मीर सिंह यादव गेंदन सिंह यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**सम्मान पाकर खिले चेहरे**

प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल शील्ड और पटका देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन अनिकेत भदौरिया हरीश चौहान निर्मेश चौहान रोहित वर्मा आर पी वर्मा मुकेश सुशील प्रशांत निशांत और लकी चौहान द्वारा किया गया।

## चार गायों के संरक्षण पर मिलेगा 6 हजार रुपये का मासिक अनुदानः "मुख्यमंत्री सहभागिता योजना"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश सरकार ने गायों के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना लागू की है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत अब किसान गायों की देखभाल कर हर माह आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकेंगे। सरकार की इस योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालन को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। गौ सेवा आयोग के सदस्य एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री दीपक गोयल ने बताया कि प्रदेश सरकार गोवंश संरक्षण को लेकर गंभीर है और बड़े स्तर पर कार्य कर रही है। इस योजना के तहत सरकार एक गाय की देखभाल करने के लिए सरकार 1500 के हिसाब से अधिकतम चार गायों के लिए 6 हजार प्रतिमाह का अनुदान देने की बात कही। कोई भी पात्र किसान चार गोवंश को अपने संरक्षण में लेकर उनकी सेवा कर सकता है और इसके बदले उसे नियमित आर्थिक सहयोग मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि पहले जहां बड़ी संख्या में गोवंश लावारिस घूमते थे, वहीं अब लगभग 90 प्रतिशत गोवंश गौशालाओं में संरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि सरकार का अगला कदम गौशालाओं में रह रही गायों को किसानों द्वारा गोद दिलाना है, जिससे उनकी बेहतर देखभाल हो सके। योजना के तहत एक किसान अपनी आईडी पर अधिकतम चार गायों को गोद ले सकता है। इस योजना की निगरानी जिला प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा नियमित अधिकारियों के माध्यम से की जाएगी, ताकि पारदर्शिता और सही क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही घायल और लावारिस गायों को गौशालाओं तक पहुंचाने के लिए एक नई पहल भी शुरू की गई है। अब निजी स्तर पर वाहन चलाकर भी गोवंश को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जाएगा।



## जज के पिता की हत्या करने वाले आरोपित "भगोड़ा घोषित"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नागफनी क्षेत्र में जज के पिता व बेकरी संचालक पिता मोहम्मद असद की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपित जफर हुसैन, उसके दो बेटे सैफुल जफर व हुसैन को पुलिस ने भगोड़ा घोषित किया है। तीनों के खिलाफ पुलिस इनामी आरोपित न तो कोर्ट में पेश हुए और न ही पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इसी के चलते इंस्पेक्टर नागफनी की और से इन तीनों पर कोर्ट के अवमानना की प्राथमिकी लिखी गई है। पुलिस अब कोर्ट से तीनों के खिलाफ कुर्की के वारंट जारी कराएगी। सिविल लाइंस के जिगर कालोनी निवासी मोहम्मद असद व्यापारिक चेन अलवीना बेकर्स के संचालक थे। उनकी एक बेटी आसमां सुल्ताना और उसके पति बुलंदशहर में जज हैं। 27 फरवरी की शाम असद अपने साले मजाहिर हुसैन उर्फ डेनियल के साथ स्कूटी से कोतवाली क्षेत्र के लाल मस्जिद जा रहे थे। नागफनी क्षेत्र में बंगला गांव चौराहे के पास उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित नागफनी के डहेरिया निवासी जफर हुसैन, उसके दो बेटे सैफुल जफर व हुसैन, दामाद मोहम्मद फैजान, साथी आलमगीर और वारदात के समय बाइक चला रहे जफर के अज्ञात साथी के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। नामजद आरोपित फैजान और आलमगीर को अगले ही दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य आरोपितों पर डीआइजी ने 50-50 हजार का इनाम घोषित कर रखा है। इसी हत्याकांड से जुड़ा एक और मुकदमा रविवार को इंस्पेक्टर नागफनी राकेश कुमार सिंह की ओर से मुख्य आरोपित जफर हुसैन, उसके बेटे सैफुल जफर और हुसैन के खिलाफ लिखा गया है। जिसमें तीनों पर कोर्ट के आदेश के अवहेलना का आरोप लगाया गया है। हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपितों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने 19 मार्च को बीएनएसएस की धारा 84 के तहत उद्घोषणा जारी की थी। जिसमें कहा गया था कि वारंट जारी होने के बावजूद आरोपित फरार हैं। उन्हें तय समय सीमा के अंदर कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया था।



## कांठ की बैडमिंटन टीम ने कोटद्वार को हराकर "ट्राफी पर किया कब्जा"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कोटद्वार उत्तराखंड के डग आउट बैडमिंटन अकैडमी के तत्वाधान में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कांठ की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा कर अपना परचम लहराया।उत्तराखंड में आयोजित हुई दो दिवसीय बैडमिंटन टूनामेंट में हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, कोटद्वार, नजीबाबाद, नोएडा,धामपुर, कांठ,चांदपुर आदि टीमों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कांठ की टीम की ओर से मोहन बिश्नोई एवं खुर्शीद अहमद ने कोटद्वार की टीम के संजीव खत्री एवं दया किशन सेंवाल को सीधे सेट में 21-16 व 21-17 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। विजयी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रावत एवं अर्जुन सिंह बिष्ट ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विजयी खिलाड़ियों के कांठ पहुंचने पर कृष्णावती बैडमिंटन क्लब के खिलाड़ियों ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में रोमी माहेश्वरी, गौरव बिश्नोई, सोहन बिश्नोई,अरुण मित्तल, अनिल बिश्नोई,अमित बिश्नोई,अभय बिश्नोई, इरशाद राणा, नवदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।




## गुरु जंभेश्वर "विश्वविद्यालय ने निर्माण में पकड़ी रफ्तार " 76 प्रतिशत काम पूरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के निर्माण में तेजी आई है। 15 दिन के भीतर निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ी है। अब तक 76 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है। 30 मई को डेडलाइन रखी है। पहले 28 फरवरी तक कार्य पूरा होना था।रामगंगा नदी से सटे हरदासपुर में 50 एकड़ के क्षेत्रफल में विश्वविद्यालय निर्माण कार्य किया जा रहा है। 28 कक्षों में छात्र-छात्राएं की क्लास संचालित होंगी। इस कार्य के लिए शासन से 121 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया था। संपूर्ण परियोजना का खर्च 169 करोड़ रुपए है। 26 मार्च को जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने जिलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अफसरों के साथ निर्माण कार्य की प्रगति देखी थी। निरीक्षण के दौरान 73.10 प्रतिशत निर्माण हुआ था। रविवार को यह प्रतिशत 75.51 पहुंच गया है। कार्य पूरा करने के लिए डेली मजदूरों की संख्या 400 कर दी है।




## टीईटी के विरोध में 13 अप्रैल को "जिला मुख्यालय पर शिक्षक निकालेंगे मशाल जुलूस"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिक्षक इस मुद्दे पर लगातार आंदोलन कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार उनके भविष्य को सुरक्षित करने के प्रति गंभीर नहीं है। इसी वजह से 13 अप्रैल को जिला मुख्यालयों पर मशाल जुलूस के साथ शिक्षक सड़क पर उतरेंगे**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक फिर हुंकार भरेंगे। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले करीब दो दर्जन संगठन सड़क पर उतरेंगे। संगठन 13 अप्रैल को प्रदेश भर में मशाल जुलूस निकालेंगे। महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडेय के मुताबिक मशाल जुलूस न्याय पंचायत पर एक सह प्रभारी, ब्लॉक स्तर प्रभारी व जिला स्तर पर एक जिला समन्वयक की नियुक्ति की गई है। शिक्षक इस मुद्दे पर लगातार आंदोलन कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार उनके भविष्य को सुरक्षित करने के प्रति गंभीर नहीं है। इसी वजह से 13 अप्रैल को जिला मुख्यालयों पर मशाल जुलूस के साथ शिक्षक सड़क पर उतरेंगे। सुप्रीम कोर्ट के टीईटी अनिवार्यता के आदेश से प्रदेश के 1 लाख 86 हजार शिक्षकों सहित देश के लगभग 18 लाख शिक्षक काफी आहत हैं। केंद्र सरकार इन्हें जल्द राहत दे। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु, टीएससीटी के संस्थापक अध्यक्ष विवेकानंद आर्य, एससीएसटी बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश विद्रोही ने कहा जब तक सेवारत शिक्षकों पर से अव्यावहारिक टेट अनिवार्यता का नियम नहीं हटेगा शिक्षक पूरे जोर शोर से लगातार आंदोलन करता रहेगा। बता दें, टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर 4 अप्रैल को दिल्ली में देश भर के शिक्षकों ने टीईटी के विरोध में रैली की थी।

## टीएमयू सीसीएसआईटी और सीओई के 250 छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- सीओई और कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एंड इंजीनियरिंग ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नतीजतन 250 स्टुडेंट्स ने प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय और अग्रणी भारतीय कंपनियों में शैक्षणिक गुणवत्ता, सघन प्रशिक्षण और इंस्ट्रीयल एक्सपोजर के बूते पर उड़ान भरी है। इन चयनित छात्रों का अधिकतम सालाना पैकेज 14.5 लाख रुपए है। चयन प्रक्रिया प्रतिस्पर्धात्मक और बहु-स्तरीय रही। लिखित परीक्षा, कौशल मूल्यांकन परीक्षण, तकनीकी परीक्षण, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे विभिन्न चरणों से गुजरते हुए छात्रों ने अपने तकनीकी ज्ञान, तार्किक सोच, विश्लेषणात्मक क्षमता, संप्रेषण कौशल तथा आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस चयन में नियमित पूर्व-नियुक्ति प्रशिक्षण, अभ्यास साक्षात्कार, योग्यता कक्षाएँ, संप्रेषण कौशल विकास, करियर परामर्श, उद्योग संवाद आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, हमारा उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, तकनीकी रूप से सक्षम, नवोन्मेषी और नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण बनाना है। सीओई के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी कहते हैं, यह सफलता केवल आंकड़ों की उपलब्धि नहीं, बल्कि छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और यूनिवर्सिटी की दूरदर्शी शैक्षणिक नीति का प्रतिफल है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट करियर अवसर और समग्र व्यक्तित्व विकास के प्रति संकल्पित है।

सीसीएसआईटी के इन छात्रों का मफैसिस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, टोटेसिस इंडिया, क्लाउड एनालॉजी, जारो, जोश टेक्नोलॉजी समूह, वन बैंक, धनगार्ड प्राइवेट लिमिटेड, यू-सर्टिफाई, डायरेक्ट ईआरपी के साथ-साथ ऐप स्क्वाड्ज, जीएसएस सॉल्यूशन, एडुक्यू, वायरफ्लो टेक्नोलॉजीज, वाईएसएस डायरेक्ट क्रेडिट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचटी मीडिया लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। आईटी, फिनटेक, एड-टेक और कॉर्पोरेट सेक्टर की इन नामचीन कंपनियों में चयन यह दशार्ता है कि सीसीएसआईटी के छात्र नवीनतम तकनीकों, सॉफ्टवेयर डवलपमेंट, डेटा मैनेजमेंट और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन में दक्ष हैं। प्लेसमेंट ड्राइव में एफओई के लिए यूनिप्रोडक्ट इंडिया लिमिटेड, अशोक लीलैंड, इंटरफेस माइक्रो सिस्टम्स, जेड एफ राने ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, श्री सीमेंट, मारुत एयर सिस्टम्स जैसी अग्रणी औद्योगिक कंपनियों के एचआर अफसरों ने भाग लिया। इन कंपनियों में चयन से यह सिद्ध होता है, अभियांत्रिकी संकाय के छात्र न केवल तकनीकी रूप से सक्षम हैं, बल्कि उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित भी हैं। उल्लेखनीय है, इस पूरी चयन प्रकिया में कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर-सीआरसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




## सनी लियोनी चलीं हॉलीवुड, नई अमेरिकी सीरीज द जाइंट में निभाएंगी ये धाकड़ किरदार



हॉलीवुड के गलियारों में भी अब सनी लियोनी का जलवा देखने को मिलेगा।

अभिनेत्री ने अपनी आगामी अमेरिकी सीरीज द जाइंट में मुख्य भूमिका निभाने की पुष्टि की है, जिसके लिए वो बेहद उत्साहित हैं। एक शेरिफ के चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आने वालीं सनी के लिए ये प्रोजेक्ट उनके अब तक के करियर का सबसे बड़ा और अलग पड़ाव माना जा रहा है, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। कैनेडी के बाद हाल ही में अपने डीजे करियर की शुरूआत करने के बाद सनी अब एक और बड़े प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं। वो जल्द ही केविन बी प्लॉट द्वारा निर्मित और लिखित अमेरिकी टीवी सीरीज द जाइंट में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस सीरीज की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसमें सनी शेरिफ क्वाना डियरलीफ की चुनोतीपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ये किरदार सनी के अभिनय सफर में एक और नया और अलग अध्याय जोडने वाला है। सनी ने कहा, ये मेरे अब तक के कामों से काफी अलग है और यही बात मुझे इसके लिए उत्साहित करती है। एक नए किरदार को तलाशना और बिल्कुल नई दुनिया में कदम रखना हमेशा एक रोमांचक अनुभव होता है। मैं इस सफर के लिए बहुत उत्सुक हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हूं। उम्मीद है कि मेरे प्रशंसक इसे देखने का उतना ही आनंद लेंगे, जितना मैं इसका हिस्सा बनकर ले रही हूं। ये सीरीज अपनी विविध कास्ट के लिए भी चर्चा में है।

## बच्चों के विवाद में बड़ों में मारपीट (ईंट) मारने का आरोप सिर में आए टांके

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (शाहवेज खान )।** बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते बड़ों के बीच झगड़े का रूप ले लिया। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पर चोखा मारने का आरोप लगाया, जिससे एक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट आई और उसे टांके लगवाने पड़े।



घटना के बाद घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल के सिर में टांके लगाए। पुलिस ने घायलों से जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा की ओर से नगर पालिका संभल में पांच सदस्य नामित, सभागार में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (शाहवेज खान)।** नगर पालिका संभल में भारतीय जनता पार्टी की ओर से नामित पांच सदस्यों को शपथ दिलाई नगर पालिका सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जहां एसडीएम संभल ने सभी नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।




भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि पार्टी के प्रति उनकी लगन, निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि नामित सदस्य लंबे समय से संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे थे उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नामित सदस्य नगर क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाते हुए विकास कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शपथ ग्रहण के बाद कार्यकताओं ने नामित सदस्यों को बधाई दी और कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर पालिका से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**जागरूकता कार्यक्रम** — सहायक आयुक्त (औषधि) एवं जिला औषधि निरीक्षक का हुआ सम्मान

# केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दानिश अली )।** नगर एवं तहसील क्षेत्र के सभी केमिस्टों ने मुरादाबाद रोड पर स्थित डायमंड पैलेस में केमिस्ट सम्मेलन के माध्यम से केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुरादाबाद मंडल के सहायक आयुक्त (औषधि) पूरन चंद्र एवं जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार का प्रतीक चिन्ह भेंट करके, शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण के साथ स्वागत सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

**संभल तहसील के सभी केमिस्टों ने एकता भाईचारा एवं समर्पण की पेश की मिसाल**

मुख्य अतिथि पूरन चंद्र, जैनेंद्र कुमार, प्रिय रत्न आर्य, श्याम शरण शर्मा, अनिल कुमार अग्रवाल, अवधेश कुमार वार्ष्णेय, राहिल भारतीय, अंकुश कुमार त्यागी ने भगवान धन्वंतरि जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया। सहायक आयुक्त (औषधि) पूरन चंद्र ने कहा कि सभी केमिस्ट बंधुओं को अपना मेडिकल साफ सुथरा, व्यवस्थित, बिल सहित माल खरीदना और बेचना तथा ग्राहकों से शालीन और सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने केमिस्ट बंधुओं की प्रत्येक समस्या का निदान व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से भी करने की बात कही। केमिस्ट बंधुओ से आपसी संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने केमिस्टों की सभी समस्याओं को सुनकर समाधान दिया। जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार ने मेडिकल पर कैमरा लगाने, एक युद्ध नशे के विरुद्ध तथा विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश जैसी अभियानों में केमिस्ट बंधुओं के उचित सहयोग को सराहनीय एवं प्रेरणादाई बताया। उन्होंने शासन प्रशासन की मंशा के अनुरूप जनपद में मेडिकल स्वामियों को सलाह देते हुए उचित और उपयुक्त मार्गदर्शन दिया। केमिस्ट एसोसिएशन के चेयरमैन श्याम शरण शर्मा ने औषधि विभाग के जनपदीय एवं मंडलीय अधिकारियों का भाव भरा स्वागत करते हुए उनके मृदु व्यवहार, अच्छे कार्य एवं केमिस्टों के साथ अपेक्षित सहयोग और आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। अंकुश कुमार त्यागी ने औषधीयों के ऑनलाइन व्यापार पर गंभीर चिंता व्यक्त की। जिसे अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए उपयुक्त कार्रवाई करने और औषधीयों के ऑनलाइन व्यापार को रोकने में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रिय रत्न आर्य, श्यामशरण शर्मा, अनिल कुमार अग्रवाल, राहिल भारतीय, अंकुश त्यागी, मो .नसीम, शाहनवाज आलम, सत्यवीर सिंह पाल, प्रवीन गुप्ता, हेमंत वार्ष्णेय, मोहित गांधी, विवेक वार्ष्णेय, मनोज कुमार गुप्ता, अभिजीत पॉल, शिवरत्न, नवरत्न, यज्ञरत्न आदि अनेक केमिस्टों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में संभल तहसील के 115 केमिस्ट बंधु उपस्थित रहे। अध्यक्षता केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार वार्ष्णेय ने की और संचालन शाहनवाज आलम एवं पुनीत त्यागी ने किया।




## सोने के हर "गहने की खास पहचान होगी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सोने की शुद्धता में गड़बड़ी और हॉलमार्क के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए सरकार हॉलमार्किंग व्यवस्था को और सख्त करने की तैयारी कर रही है। अब सोने के हर गहने को अलग पहचान संख्या दी जाएगी। यह दोबारा किसी दूसरे गहने पर इस्तेमाल नहीं होगी। इससे ग्राहकों को सही शुद्धता वाला सोना मिलने में मदद मिलेगी। देश के 400 जिलों में हॉलमार्क यूनिक आईडी प्रणाली लागू है, जिसमें हर गहने को विशेष नंबर दिया जाता है। लेकिन ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ मामलों में एक ही नंबर कई गहनों पर इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे ग्राहक को जिस शुद्धता का सोना बताया जाता है, जांच में कई बार उतना शुद्ध नहीं पाया गया। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। यह ग्राहकों से धोखाधड़ी मानी जाती है। हर गहने की डिजाइन, आकार जैसी विशेषता के आधार पर अलग पहचान संख्या होगी।यह संख्या दोबारा इस्तेमाल नहीं की जा सकेगी, भले ही गहने एक जैसे क्यों न दिखें।गहना पिघला दिया तो पुरानी संख्या दोबारा प्रयोग नहीं होगी। हॉलमार्क नंबर की चोरी, नकल, गलत इस्तेमाल पर रोक लगेगी।



# एस.सी.ए. क्रिकेट अकादमी के चार वर्ष पूर्ण, भव्य कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** स्थित एस.सी.ए. क्रिकेट अकादमी के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में खेल के प्रति बढ़ते रुझान और युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में अकादमी की महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने अकादमी के चार वर्षों के सफल संचालन की सराहना करते हुए बच्चों को निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर अकादमी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर संजय शर्मा ने अकादमी की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शुरूआत में सीमित संसाधनों के बावजूद अकादमी ने निरंतर प्रगति की है और आज यहां के कई खिलाड़ी जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर मयंक अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का संतुलन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में अकादमी को और बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी ताकि खिलाड़ी उच्च स्तर तक पहुंच सकें।कार्यक्रम के दौरान अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा शानदार खेल प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग के विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन शामिल रहा। इस प्रदर्शन ने दर्शकों और अभिभावकों का मन मोह लिया। इस मौके पर अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी बच्चों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने अकादमी द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण और अनुशासन की सराहना की तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में अकादमी प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि आने वाले वर्षों में अकादमी और अधिक ऊंचाइयों को छुएगी तथा क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य करेगी।

# युवा वन्यजीव पशु चिकित्सकों की मौत पर देशभर में काला दिवस,आईवीए ने उठाई सुरक्षा और संरचनात्मक सुधार की मांगें

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**नई दिल्ली।** भारतीय पशु चिकित्सा संघ (आईवीए) ने सोमवार को दिवंगत युवा वन्यजीव पशु चिकित्सकों की स्मृति में राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाया। यह आयोजन ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले डॉ. वैशाख विश्वन और डॉ. समीक्षा रेड्डी को श्रद्धांजलि देने तथा उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए किया गया।

संघ ने बताया कि यह दिवस वन्यजीव स्वास्थ्य और संरक्षण के क्षेत्र में इन चिकित्सकों के समर्पण, साहस और अमूल्य योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से मनाया गया। देशभर में पशु चिकित्सकों और छात्रों ने काले बैज पहनकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पेशेवर सुरक्षा की मांग को लेकर एकजुटता दिखाई।

इस अवसर पर आईवीए ने कई महत्वपूर्ण मांगें दोहराईं। इनमें वन विभागों में समर्पित पशु चिकित्सा कैडर की स्थापना, वन्यजीव पशु चिकित्सकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना, तथा चिड़ियाघरों और वन्यजीव सेवाओं के लिए स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करना शामिल है। इसके अलावा, संघ ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के तहत पशु चिकित्सकों के लिए जोखिम भत्ता सुनिश्चित करने और प्रभावित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा व दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने की मांग भी उठाई।

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. समीक्षा रेड्डी की मां श्रीमती शैलजा रेड्डी भी उपस्थित रहीं। आईवीए के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. भूपेंद्र चहल ने मीडिया को संबोधित करते हुए इस आयोजन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला तथा सरकार और संबंधित अधिकारियों के साथ रचनात्मक संवाद जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस दौरान आईवीए के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। संगठन के अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा ने पहले ही इस अपूरणीय क्षति को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाने की घोषणा की थी।

# तेज रफ्तार और रोमांच का संगम, यूपी प्रो हैंडबॉल लीग 9 अप्रैल से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मुकाबले, 6 टीमें आमने-सामने, फाइनल 14 अप्रैल को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** लखनऊ में इन दिनों क्रिकेट के चौकों-छक्कों का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है। इकाना स्टेडियम में जारी आईपीएल के मैचों के रोमांच के बीच अब शहर के खेल प्रेमियों को यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के रूप में रफ्तार और रोमांच का एक नया अनुभव मिलने जा रहा है। उत्तर प्रदेश की इस पहली आधिकारिक

**हर दिन तीन मैच, 15 लीग मुकाबले, दूरदर्शन समेत कई प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण**

हैंडबॉल लीग का बिगुल बज चुका है, जिसका भव्य आयोजन आगामी 9 से 14 अप्रैल 2026 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में किया जाएगा।

यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के सीईओ डा.आनन्देश्वर पाण्डेय और संस्थापक व प्रबंध निदेशक अमित पाण्डेय ने आज प्रेस वार्ता में मैचों का कार्यक्रम जारी किया। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा आदि योगी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित लीग में प्रदेश की 6 दिग्गज टीमें दो लाख रुपये की प्राइजमनी, विजेता ट्रॉफी और गौरव के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाती नजर आएंगी।

लीग के सीईओ डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने प्रेस वार्ता में कहा, लखनऊ इस वक्त देश का स्पोर्ट्स हब बना हुआ है। यहां आईपीएल मैचों के बीच हम प्रदेश की पहली प्रो हैंडबॉल लीग शुरू कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य हैंडबॉल को वही चमक-धमक और पेशेवर मंच देना है, जो आज क्रिकेट या कबड्डी को हासिल है। इस लीग में कुल 6 टीमें - काशी किंग्स, मथुरा ब्रज स्टार, नोएडा ब्लास्टर्स, गाजियाबाद पैंथर्स, बर्बरीक वारियर्स और गोरखपुर राउडीज चुनौती पेश करेंगी। इस लीग की विजेता टीम को 2 लाख रुपए और उपविजेता टीम को




1 लाख रुपए का नगद पुरस्कार मिलेगा। लीग के संस्थापक व प्रबंध निदेशक अमित पाण्डेय ने जानकारी दी लीग का हर मुकाबला 20-2-20 मिनट के फॉर्मेट में होगा, जिससे खेल में गजब की तेजी देखने को मिलेगी। लीग में प्रतिभागी टीमों के बीच 15 रोमांचक लीग मुकाबले होंगे। लीग की शीर्ष दो टीमें 14 अप्रैल को होने वाले फाइनल में विजेता ट्रॉफी व प्राइजमनी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। लीग में प्रतिदिन तीन मैच होंगे।

**लीग में प्रतिभाग कर रही विभिन्न टीमों के मुख्य आकर्षण निम्नलिखित 'आइकन प्लेयर्स' होंगे:**

**काशी किंग्स:** आइकन प्लेयर - अनीश यादव (इंटरनेशनल प्लेयर - वाराणसी)

**मथुरा ब्रज स्टार:** आइकन प्लेयर - निहाल जायसवाल (नेशनल प्लेयर - यूपी पुलिस) नोएडा ब्लास्टर्स: आइकन प्लेयर - अंकित चौधरी (इंटरनेशनल प्लेयर - लखनऊ)

गाजियाबाद पैंथर्स: आइकन प्लेयर - अमान चौधरी (नेशनल प्लेयर झ यूपी पुलिस)

बर्बरीक वारियर्स: आइकन प्लेयर - मोहित यादव (इंटरनेशनल प्लेयर - लखनऊ)

गोरखपुर राउडीज: आइकन प्लेयर - मनीष त्रिपाठी (इंटरनेशनल प्लेयर - गोरखपुर) लीग की ब्रांड एंबेसडर और जानी-मानी अभिनेत्री सबिता कलवार ने अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा, हैंडबॉल की रफ्तार और जुनून का जो नया सफर लखनऊ से शुरू हो रहा है, मैं उसका हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूँ। यूपी के खिलाड़ियों का यह जज्बा पूरे देश में धूम मचाएगा। लीग का भव्य उद्घाटन नौ अप्रैल को दोपहर एक बजे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि विधायक सुशील सिंह (सैयद राजा विधानसभा) के करकमलों द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर लीग की मुख्य संरक्षक सीमा द्विवेदी (राज्यसभा सांसद) भी मौजूद रहेंगी। खेल प्रेमियों के लिए इस लीग का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, वेव ओटीटी, फैन कोड, स्पोर्ट्स कास्ट पर किया जाएगा।

# शिवली में बरकरार इंस्पेक्टर अमरेंद्र की कर्मठता का शिकंजा, राजा बाबू हत्याकांड में प्रेमिका समेत तीन गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** पीड़ितों की सहायता और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही में अग्रणी शिवली पुलिस की परिश्रम पूर्ण सक्रियता ने 2 मार्च को मकरंदपुर बंधा के पास रामगंगा नहर रोड किनारे हुए बहुचर्चित राजा बाबू हत्याकांड का सटीक खुलासा करते हुए दस्तमपुर थाना अकबरपुर निवासिनी 19 साल की प्रेमिका कोमल पुत्री लालाराम,सागर राजपूत पुत्र शिवनारायन निवासी ग्राम झखरा थाना सचेण्डी, कानपुर नगर और बाल अपचारी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, मृतक राजाबाबू पुत्र रामलखन वर्मा निवासी ग्राम झखरा थाना सचेण्डी कानपुर नगर का मोबाइल फोन, हत्या में प्रयुक्त चाकू, प्रेमिका कोमल, सागर राजपूत और बाल अपचारी से भी एक एक मोबाइल फोन और घटना को अंजाम देते समय अभियुक्त सागर राजपूत द्वारा पहनी शर्ट भी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। अब शेष बचे फरार एक आरोपी की तलाश भी लगातार की जा रही है।




मृतक की कॉल डिटेल में नाम सामने आने पर पूछताछ में मंगेतर कोमल द्वारा हत्या की पूरी साजिश कबूलने से निकले निष्कर्ष के मुताबिक कोमल का पहले सागर से प्रेम संबंध,इस प्रेम संबंध के टूटने के बाद कोमल की राजाबाबू से नजदीकियां, फिर दोनों की मंदिर में शादी के बाद परिवार वालों द्वारा भी 7 मई को उनकी विधिवत शादी तय करना। इसी बीच सागर द्वारा कोमल को अपने प्रेमजाल में फिर फंसाना, जिसके बाद दोनों द्वारा रास्ते से हटाने के लिए रची गई साजिश के अनुरूप राजा बाबू की हत्या की घटना को अंजाम देना, जिसकी सच्चाई निष्पक्ष और पारदर्शी गहन जांच विवेचना से प्रमाणित भी हो गई। अवगत कराते चलें कि आम जनमानस के हित में शांति और कानून व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी जिस शिवली पुलिस की सतर्कता और सक्रियता ने राजा बाबू हत्याकांड का सटीक खुलासा किया है, आजकल उस शिवली थाने की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल तथा बेहद स्वाभिमानी स्वभाव के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के हाथ में है। सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। इसी के साथ सरल और शालीन स्वभाव के इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

# अंडाशय सुरक्षित रखते हुए एंडोमेट्रियोसिस में 10 सेमी सिस्ट का सफल उपचार, महिला ने प्राकृतिक रूप से किया गर्भधारण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुरुग्राम।** मदरहुड अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ और एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जन सीनियर कंसल्टेंट डॉ. कुसुम लता ने बताया एंडोमेट्रियोसिस आज महिलाओं में तेजी से बढ़ती एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जो हर 10 में से 1 महिला को प्रभावित करती है।

इस बीमारी में पीरियड्स के दौरान अत्यधिक दर्द, दैनिक कार्यों में बाधा और गर्भधारण में कठिनाई जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। समय पर पहचान और उचित उपचार से न केवल दर्द से राहत मिल सकती है, बल्कि मातृत्व की क्षमता भी सुरक्षित रखी जा सकती है। गुरुग्राम की 30 वर्षीय एक महिला (नाम परिवर्तित) पिछले दो वर्षों से असहनीय पीरियड्स दर्द से जूझ रही थीं। जांच में दोनों अंडाशयों में लगभग 10 सेमी के बड़े सिस्ट पाए गए, जो गर्भाशय से चिपके हुए थे। कई स्थानों पर परामर्श के बाद अंडाशय हटाने की सलाह दी गई, लेकिन विशेषज्ञों द्वारा उन्नत लैप्रोस्कोपिक एंडोमेट्रियोसिस सिस्टेक्टॉमी की गई, जिसमें केवल प्रभावित हिस्से को हटाकर दोनों अंडाशयों को सुरक्षित रखा गया। यह जटिल सर्जरी अत्यंत दुर्लभ मानी जाती है, जिसमें न केवल बीमारी को पूरी तरह हटाया गया, बल्कि अंडाशयों को पुनः सामान्य आकार देकर उनकी कार्यक्षमता भी बहाल की गई। सर्जरी के बाद महिला का दर्द कम हुआ और उन्होंने प्राकृतिक रूप से गर्भधारण किया। गर्भावस्था सामान्य रही और अंततः सीजेरियन के माध्यम से स्वस्थ शिशु का जन्म हुआ।

# भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का धरना नाईपुरा शाहबाज पुर डोर एनएच 9 के किनारे 107 वे दिन भी जारी रहा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (डा.महताब अमरोहवी)।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का धरना नाईपुरा शाहबाज पुर डोर एनएच 9 के किनारे 107 वे दिन भी जारी रहा, धरने पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि किसान भोला हैं पर कमजोर नहीं, जो लोग किसान को कमजोर समझते हैं उनके लिए हमारा साफ संदेश है, किसान धरने के माध्यम से ऐसे लोगों की कमर तोड़ने का काम कर रहा है, जो लोग समाज को पानी के रूप में जहर पिलाने का काम कर रहे हैं, इन लोगों को ठोस कार्रवाई होने तक खून के आंसू रोने पड़ेंगे, गजरौला क्षेत्र के अन्नदाता के साथ जुबिलेंट फैक्ट्री ने धोखा किया है, विकास के नाम पर विनाश थोपने का काम किया है, जुबिलेंट फैक्ट्री में जिन किसानों की जमीन गई है उन किसानों को आज तक नौकरी नहीं दी गई, जमीन में बोरवेल कर-के केमिकल युक्त पानी जमीन में डालने का काम किया जिससे सैकड़ों गांव का पानी जहरीला हो चुका है, और कहा कि इतने में भी फैक्ट्री को सब्र नहीं हुआ, किसानों के हक का जो सीएसआर का फंड बनता है उस फंड को किसानों के ऊपर खर्च करने के बजाय नेताओं और मंत्रियों के ऊपर खर्च किया जाता है, इस भोले किसान का हक मारने वाला आज बहुत बेचैन है, इसकी बेचैनी और भी बढ़ेगी क्योंकि मामला पानी में जहर घोलने का है, जहर घोलने वाले व्यक्ति के ऊपर रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भिजवाने तक धरना जारी रहेगा, इस अवसर पर मौजूद रहे प्रमुख सचिव अरुण सिधु, मंडल अध्यक्ष अहसान अली, गंगाराम सिंह, पर्थी सिंह, रामसरन सिंह, रामप्रसाद सिंह, भूकन सिंह, विजय सिंह, ओमप्रकाश सिंह, होमपाल सिंह, सचिन चौधरी, सानू चौधरी, हिमांशु वर्मा, असद अली आदि किसान मौजूद रहे।




# जींद रैली में सीएम का विपक्ष पर हमला 253 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**जींद (आरएनएस)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद में आयोजित 'धन्यवाद एवं विकास रैली में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष का एकमात्र एजेंडा केवल वोट लेना और जनता का शोषण करना है, जबकि उनकी सरकार जनता का विश्वास जीतने के लिए काम करती है। रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर दशकों तक जींद की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और 253 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि वंशवादी राजनीति के कारण आम लोगों की जरूरतों को नजरअंदाज किया गया, लेकिन वर्तमान सरकार क्षेत्र को उसका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल को जनता की बड़ी जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि संकल्प पत्र के 217 वादों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और बाकी पर तेजी से काम जारी है। विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में जींद में 2,217 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं, जबकि पूर्व सरकार के दौरान यह आंकड़ा काफी कम रहा। रोजगार के क्षेत्र में भी सरकार ने योग्यता के आधार पर लाखों युवाओं को नौकरियां दी हैं।



मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह देश को आगे बढ़ाने का साझा मिशन है। उन्होंने किसानों के लिए एमएसपी पर खरीद, बीमा योजनाओं और वित्तीय सहायता का भी जिक्र किया। रैली में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को उन्होंने सरकार के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक बताया और कहा कि विकास की यह गति आगे भी जारी रहेगी।

**जोरदार प्रदर्शन**

## अधिवक्ता के साथ मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित और लूटपाट करने के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से...

# नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जाम लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र के कुराना टोल प्लाजा पर अधिवक्ता के साथ मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित और लूटपाट करने के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज अधिवक्ताओं ने सोमवार सुबह पर तहसील चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। अधिवक्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क पर वाहनों का आवागमन रोक दिया और सड़क पर धरने पर बैठ गए। करीब आधा घंटे तक चले जाम के कारण तहसील चौराहे पर यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। सोमवार सुबह अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया और करीब 11 बजे बड़ी संख्या में अधिवक्ता तहसील चौराहे पर पहुंच गए। यहां उन्होंने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क को जाम कर दिया और धरने पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जाम के कारण कई वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं का कहना था कि घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है, जिससे अधिवक्ताओं में भारी रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।





हापुड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र और सचिव रवि कुमार ने बताया कि 28 मार्च को गांव हरसिंगपुर निवासी अधिवक्ता शंकर लाल सैनी आगरा से अपने गांव लौट रहे थे। उनकी कार में फास्टैग लगा हुआ था। आरोप है कि जैसे ही वह कुराना टोल प्लाजा पहुंचे, वहां अव्यवस्था के कारण कई लाइनों में वाहनों को रोका जा रहा था और उनकी गाड़ी को काफी देर तक आगे नहीं बढ़ने दिया गया। अधिवक्ता शंकर लाल ने कई बार टोलकर्मियों से वाहन आगे बढ़ाने का अनुरोध किया, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। विरोध करने पर टोलकर्मी भड़क गए और अधिवक्ता व उनके चालक के साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि टोलकर्मियों ने उनके गले में कपड़ा डालकर जबरन टोल प्लाजा के रिकॉर्ड रूम में ले जाकर दुर्व्यवहार किया और उनकी चालक के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। कर्मचारियों ने उनके साथ हिंसक व्यवहार किया, उनके कपड़े फाड़ दिए और उनकी जेब से करीब 13 सौ रुपये भी लूट लिए। घटना के बाद पीड़ित अधिवक्ता की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था, लेकिन अब तक किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। सीओ सिटी वरुण मिश्रा के आश्वासन पर अधिवक्ता वापस लौट गए।

# निर्माणाधीन मकान से लाखों का सामान पार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कॉपर तार के करीब 15 बंडल, पाइप फिटिंग के गेट वाल्व समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए।**

**जेवर (इनामुल हक)।** जेवर मंगरौली रोड पर चोरों ने एक निमार्णाधीन मकान का ताला तोड़ लाखों का सामान किया चोरी, घटना के एक माह बाद पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज।

महेंद्र सिंह किला रोड खुर्जा के रहने वाले हैं, उन्होंने पुलिस में शिकायत देते हुए बताया कि उनका मकान जेवर के मंगरौली रोड पर निमार्णाधीन है। जहां से 1 मार्च की रात करीब 10:30 बजे अज्ञात चोर मकान में घुस आए और वहां रखा कॉपर तार के करीब 15 बंडल, पाइप फिटिंग के गेट वाल्व समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित को इसकी जानकारी अगली सुबह हुई। पीड़ित ने बताया कि इससे पहले भी 25 सितंबर को इसी मकान में चोरों ने चोरी की थी।


मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।

अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267

# ईद मिलन एवं सैफी सम्मान समारोह में दिखी एकता की मिसाल

## इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में देशभर की संस्थाओं को किया गया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**























**नई दिल्ली ( इरफान राही )।** बेस्ट सैफी डे कमेटी (रजि०) के तत्वावधान में इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर, लोधी रोड पर आयोजित ईद मिलन एवं सैफी सम्मान समारोह में सामाजिक एकता, शिक्षा और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम में दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से आए गणमान्य अतिथियों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों की प्रभावशाली उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सफदर रियाज सैफी (जदीद फाउंडेशन) की तिलावत-ए-कुरआन से हुआ, जबकि शादाब सैदपुरी सैफी (दिल्ली) ने नात-ए-शरीफ पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। सैफी उर्दू सेंटर, द्वारका के बच्चों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय गान ने समारोह में देशभक्ति का रंग भर दिया।

इरफान राही ने सैफी सरनेम के बानी व बुजुर्गों सहित तमाम मरहूमीन के लिए खिराज-ए-अकीदत पेश किया। वहीं मुफ्ती फहीम सैफी (कांधला) ने विशेष दुआ कर देश में अमन-चैन और तरक्की की कामना की। बेस्ट सैफी डे कमेटी के सदर कल्लू खान सैफी ने इस्तकबालिया भाषण में मेहमानों का स्वागत करते हुए समाज सेवा को सर्वोपरि बताया। निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सफदर रियाज सैफी ने सम्मानित किया।

एडवोकेट मोहम्मद सलीम सैफी (जनरल सेक्रेटरी) ने अपने संबोधन में शिक्षा को समाज की रीढ़ बताते हुए युवाओं से आगे आने की अपील की। इस दौरान हाजी के.के. नफीस सैफी द्वारा पुस्तक का विमोचन किया गया, जबकि मास्टर अलीशेर सैफी ने सामाजिक कार्यों में सहयोग करने वालों का विशेष उल्लेख किया।

मुख्य अतिथि सलीम अहमद खान सैफी (अलीगढ़) पूर्व रजिस्ट्रार इलाहाबाद हाईकोर्ट, ओएसडी लखनऊ बेंच, पूर्व अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा और आपसी भाईचारा बेहद जरूरी है। डॉ. हबीब सैफी ने सैफी कलमकार के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। यूपीएससी 2026 की तैयारी में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए शादाब सैफी को सैफी ऐजाज से नवाजा गया। बीएसडीसी की गवर्निंग बॉडी ने सर्वसम्मति से फहीमुद्दीन सैफी (पानीपत) को चेयरमैन पद से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में आगरा से उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक सेल के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी, मॉडल इंफ्राटेक कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर असलम के. सैफी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा अमरोहा से जुबेर सैफी, दिल्ली से हाजी खुशनूद सैफी, निगम पार्षद हज्जन सबीला बेगम सैफी, शायरा सरिता जैन, पंडित मोहित तिवारी, उत्तम नगर द्वारका से मो. उमर सैफी, रियाज सैफी, मोहम्मद इरफान सैफी, अफसर सैफी, जहां आरा सैफी, अजीजुर्रहमान बोतल वाले, शाद सैफी स्याना, फिरोज के सैफी, जरीफ अहमद, सलमान फराज, मोहम्मद तकी सैफी सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

**इन संस्थाओं को मिला सैफी सम्मान**

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें निकाह मिन सुन्नती (मुरादाबाद), एम इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (संगम विहार, दिल्ली), जदीद फाउंडेशन ट्रस्ट (घोंडा, दिल्ली), सिमरन एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट (डासना), साउथ एशियन माइनॉरिटीज लॉयर्स एसोसिएशन, जिला सैनिक बंधु (हापुड़), सैफी स्कूल (अमरोहा), कलमकार ग्रुप (दिल्ली-NCR), इमदाद सैफी कांटेक्ट (दिल्ली-NCR), सैफी समाज राहत फाउंडेशन (मेरठ), द हेल्पिंग ट्रस्ट (नोएडा), यूनियन इंडिया पोस्ट तथा उज्जवल महिला विकास सोसाइटी (पूर्वी दिल्ली) प्रमुख हैं।

तंजीमों का सम्मान एडवोकेट सलीम सैफी द्वारा किया गया, जबकि चेयरमैनशिप सर्टिफिकेट का वितरण मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारियों के करकमलों से सम्पन्न हुआ।

विशेष आकर्षण के रूप में हाजी अब्दुल सत्तार सैफी (फरीदाबाद) को सैफी अवॉर्ड से नवाजा गया।

**प्रोग्राम को सफल बनाने में**

स्पॉन्सर्स एवं मीडिया पार्टनर्स समारोह के स्पॉन्सर्स में– असलम के. सैफी (मॉडर्न इंजीनियर इंफ्राटेक, आगरा), आमिर ड्राई फ्रूट (रईस सैफी), सुपर प्लाईवुड एंड टिंबर (इकरामुद्दीन सैफी व गुलफाम सैफी), फाइव टी डब्ल्यू फूड्स एंड कैटरिंग, एस.एस. फर्नीचर (सलीम सैफी) शामिल रहे।

**मीडिया पार्टनर्स में–**

दैनिक बुलन्द संदेश (अब्दुल सलाम सैफी), कुतुब मेल (आरिफ जमाल), न्यूज आप तक (जान मोहम्मद सैफी), इरफान राही, दैनिक निष्पक्ष पोस्ट, नेशनल न्यूज फोल्डर आदि प्रमुख रहे।

**निबंध प्रतियोगिता परिणाम**

हामिद अली सैफी (बुलंदशहर) प्रथम, सानिया सैफी (नरेला) द्वितीय, शाजिया सैफी (मेरठ) द्वितीय, नरगिस सैफी (दादरी) तृतीय, सना सैफी (मेरठ) सांत्वना, फरजाना बेगम (घोंडा, दिल्ली) द्वितीय, मेनाज (घोंडा, दिल्ली) द्वितीय, मुफ्ती फहीम सैफी (कांधला) द्वितीय, मनवीर सिंह (हापुड़)तृतीय, शबनम सैफी (यूएसए) तृतीय, जोया सैफी (संगम विहार)तृतीय, जिया सैफी (संगम विहार) सांत्वना, अलशिफा सैफी (नॉर्थ घोंडा) सांत्वना, विजेताओं को शील्ड, मेडल एवं पुस्तकें प्रदान की गईं। प्रोग्राम को सफल बनाने में इन सभी का अहम योगदान रहा। मास्टर अलीशेर सैफी, मुख्य संरक्षक, कल्लू खान सैफी अध्यक्ष, इकरामुद्दीन सैफी, उपाध्यक्ष, शम्सुद्दीन सैफी, उपाध्यक्ष, एडवोकेट मोहम्मद सलीम सैफी, महासचिव, हाजी के.के. नफीस सैफी, सचिव, मोहम्मद आबिद सैफी,संयुक्त सचिव, अमीरुद्दीन सैफी, कोषाध्यक्ष, गयासुद्दीन सैफी, सहायक कोषाध्यक्ष, इरफान राही सैफी, संगठन सचिव, एडवोकेट सरवर आलम सैफी, सदस्य, एडवोकेट शरफुद्दीन सैफी, विधिक सलाहकार, जमील खान सैफी,प्रभारी दिल्ली, हाजी शाहबुद्दीन सैफी, वरिष्ठ सदस्य, नेता इकरार सैफी, वरिष्ठ सदस्य, जैनुल आबेदीन सैफी, सदस्य, अनवर खान सैफी , वरिष्ठ सदस्य, नेता ताहिर अली सैफी, वरिष्ठ सदस्य, हाजी बाबू खान सैफी,वरिष्ठ सदस्य, हाजी कमरुद्दीन सैफी, सदस्य, जावेद सैफी वरिष्ठ सदस्य। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन फहीमुद्दीन सैफी (पानीपत) ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी को भोजन पर आमंत्रित किया।

# समाज की तरक्की के लिए शिक्षा सबसे मजबूत आधार है, इसलिए हर व्यक्ति को तालीम पर विशेष ध्यान देना चाहिए: सलीम अहमद खान सैफी

**अब्दुल सलाम**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**नई दिल्ली।** पूर्व रजिस्ट्रार इलाहाबाद हाईकोर्ट, ओएसडी लखनऊ बेंच, पूर्व अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सलीम अहमद खान सैफी (अलीगढ़) ने नई दिल्ली स्थित इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर में आयोजित बेस्ट सैफी डे कमेटी द्वारा ईद मिलन एवं सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथी के रूप मे समारोह को सम्बोधित किाा। इस अवसर पर सलीम अहमद खान ने मुस्लिम समाज और विशेष रूप से सैफी समाज के लोगों से शिक्षा (तालीम), जकात और आपसी भाईचारे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा सबसे मजबूत आधार है, इसलिए हर व्यक्ति को तालीम पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने जकात के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल एक धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि समाज में आर्थिक संतुलन बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम भी है। इसके साथ ही उन्होंने आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि समाज की मजबूती आपसी सहयोग और सद्भाव से ही संभव है। अपने संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से बिना दहेज के शादियां करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए एक बड़ी बुराई है, जिसे खत्म करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लड़के पक्ष लोगों से लालच को छोड़कर सादगी और ईमानदारी के साथ विवाह करने का संदेश दिया, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

**सैफी दिवस**

## सैफी संघर्ष समिति ( पंजीकृत ) ने समाज सेवा का अनूठा उदाहरण किया पेश

# मेरठ में धूमधाम से मनाया गया 52वां सैफी स्थापना दिवस, मरीजों को फल-जूस वितरित किये

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**मेरठ।** आज पूरे देश के साथ मेरठ में भी 52वां सैफी स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैफी संघर्ष समिति (पंजीकृत) ने समाज सेवा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए जिला चिकित्सालय में मरीजों और उनके तीमारदारों को फल व जूस वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि सैफी समाज को पहले लोहार और बढ़ई के नाम से जाना जाता था।

यह समाज परंपरागत रूप से लोहे और लकड़ी का कार्य करता रहा है, जिसका देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सैफी नाम का निर्धारण 6 अप्रैल 1975 को अमरोहा (तत्कालीन मुरादाबाद जनपद) में आयोजित एक विशाल जनसभा में किया गया था, जिसमें देशभर से हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए थे। इस ऐतिहासिक सभा में स्वतंत्रता सेनानी और अल जमीयत उर्दू समाचार पत्र के संपादक हजरत मौलाना उस्मान फारकलीत साहब (पिलखुवा), मुल्ला सईद पहलवान (अमरोहा), हाजी गुलाम जिलानी साहब (पूर्व ऑल इंडिया सदर, मेरठ), हाजी रफीक सैफी साहब, सुआलेहीन सैफी साहब और किफायतुल्लाह साहब सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में बिरादरी के लिए कई नाम प्रस्तावित किए गए, लेकिन सर्वसम्मति से सैफी नाम को स्वीकृति दी गई।

52वें स्थापना दिवस के अवसर पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन अहमद सैफी अपनी टीम के साथ प्यारेलाल शर्मा जिला चिकित्सालय, मेरठ पहुंचे। इस दौरान मौ. सलीम सैफी, सुआलेहीन सैफी, नसीम आलम, आरिफ सैफी, गुलजार सैफी, मुजफ्फर सैफी, चांद सैफी, इमरान सैफी, आसिफ सैफी, दानिश सैफी, ताबिश सैफी, गुड्डू सैफी, अरशद सैफी सहित कई लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में समाज के उत्थान और एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

# सैफी डे कमेटी ने नए चेयरमैन का किया चयन,सैफी डे कमेटी ने नए चेयरमैन फहीमुद्दीन सैफी ने जताया आभार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**दिल्ली।** बेस्ट सैफी डे कमेटी द्वारा इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर, दिल्ली में ईद मिलन एवं सम्मान समारोह मे बेस्ट सैफी डे कमेटी के नए चेयरमैन चेयरमैन फहीमुद्दीन सैफी (पानीपत) का चयन किया गया है।

इस अवसर पर नवनियुक्त चेयरमैन फहीमुद्दीन सैफी ने कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए गर्व की बात है और वे इस भरोसे पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सैफी समाज के विकास, एकता और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए वे सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

कमेटी के सदस्यों ने भी उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और समाज के हित में कई महत्वपूर्ण पहल की जाएंगी। इस नियुक्ति को लेकर समाज के लोगों में भी खुशी का माहौल देखा गया और सभी ने फहीमुद्दीन सैफी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।